संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -218 शनिवार ,10 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# देश में विपक्षी दलों का एकजुट होना बहुत मुश्किल

## लोकसभा चुनाव 2019 में कई राज्यों में बीजेपी को अकेले 50 फीसद वोट मिले थे

» कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक; इन 14 राज्यों में दिखती है भाजपा की ताकत

» आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों ने कमर कस ली है

» देश में सभी विपक्षी दल एकजुट नहीं

» कांग्रेस की वोटबैंक पर आप पार्टी कर रही कब्जा

**नई दिल्ली,09 जून 2023(ए)।** अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है।

### साल 2019 में भाजपा को मिले थे जमकर वोट

2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देंखे तो छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को अकेले 50 फीसद वोट मिले थे। वहीं बिहार और महाराष्ट्र में जदयू और शिवसेना जैसे सहयोगी दलों के साथ भाजपा 50 फीसद मत हासिल किया था।

भाजपा की इस सफलता के पीछे नए सामाजिक व जातीय समीकरण के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की अहम भूमिका थी।



दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और झारखंड के विधानसभा चुनावों में हारने के बावजूद लोकसभा चुनावों में भाजपा का यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के असर को दर्शाता है।विधानसभा चुनाव हारने के छह महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में 51.4 फीसद वोट के साथ 11 में से नौ सीटें, राजस्थान में 59.1 फीसद वोट के साथ 25 में से 24 सीटें (एक सीट सहयोगी दल को) और मध्यप्रदेश में 58.5 फीसद वोट के साथ 29 में से 28 सीटें जीतने में सफल रही थी। जबकि विधानसभा चुनाव में भाजपा को छत्तीसगढ़ में महज 33.6 फीसद, राजस्थान में 39.3 और मध्यप्रदेश में 41.6 फीसद वोट मिले थे।

### साल 2018 में कर्नाटक में भाजपा ने मारी थी बाजी

यही नहीं, कर्नाटक में भी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 36.2 फीसद वोट के साथ बहुमत से दूर रह गई थी, लेकिन एक साल बाद लोकसभा चुनाव में 51.7 फीसद वोट के साथ 28 में से 25 सीटें जीतने में सफल रही और एक सीट भाजपा समर्थित निर्दलीय ने जीता था।

ध्यान देने की बात है कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या फिर विधानसभा का, भाजपा एक बार हासिल वोट फीसद हासिल करती है तो उसे बरकरार रखती है। पिछले महीने हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी देखा जा सकता है, जहां 65 सीटों पर सिमटने के बावजूद भाजपा का लगभग 36 फीसद वोट हासिल किया। हिमाचल प्रदेश, दिल्ली विधानसभा और एमसीडी चुनाव में भी यह रिकॉर्ड दिखा था। बात सिर्फ इन 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित नहीं है। 25 सीटों वाले आंध्रप्रदेश और 21 सीटों वाले ओडिशा में एकता की तलाश में जुटे विपक्षी दलों का जनाधार नहीं है।

### कई मुद्दों पर विपक्षी दलों ने भी मोदी सरकार का दिया साथ

आंध्रप्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजेडी का जनाधार है, लेकिन दोनों दल राजग में नहीं होते हुए भी अहम मुद्दों पर संसद में मोदी सरकार के साथ खड़े होते हैं। आंध्रप्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल टीडीपी भले ही राजग में नहीं हो, लेकिन चंद्रबाबू नायडू विपक्षी खेमे जाने के बजाय भाजपा पर ही डोरे डाल रही है।

### के चंद्रशेखर को मंजूर नहीं कांग्रेस की अगुवाई

वहीं के चंद्रशेखर राव की बीआरएस तेलंगाना में भाजपा विरोधी होते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन में जाने को तैयार नहीं है। एकता की तलाश की कोशिश में 23 जून को पटना में जुटने जा रहे विपक्षी दलों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कांग्रेस और आप को छोड़कर सभी दलों का जनाधार एक राज्य तक ही सीमित है।

### कांग्रेस की वोटबैंक को हथियाने में जुटी आप

कांग्रेस से दिल्ली और पंजाब हथियाने वाली आप गुजरात और गोवा जैसे राज्यों में कांग्रेस के ही वोटवैंक के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश में जुटी है। दूसरी ओर एक राज्य तक सीमित तृणमूल, डीएमके, सपा, सीपीएम, जदयू और आरजेडी जैसे दल दूसरे राज्यों में सहयोगी दलों की जनाधार बढ़ाने की स्थिति में कतई नहीं है।इनमें अधिकांश दलों का अपने-अपने राज्यों में भाजपा के साथ सीधा मुकाबला है और यह लड़ाई उन्हें अकेले दम पर लड़नी होती है।

# अवैध रेत खनन के मामले में झारखंड,बिहार और बंगाल में ईडी के छापे में 11 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज मिले

### 60 बैंक खाते फीज

**रांची ,09 जून 2023(ए)।** ईडी ने अवैध बालू खनन मामले में बिहार, झारखंड और बंगाल में छापेमारी के दौरान कुल डेढ़ करोड़ नगद सहित 11 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए हैं। एजेंसी ने अलग-अलग बैंकों में जमा आरोपियों के 6 करोड़ रुपए और 60 बैंक खातों को फीज कर दिया गया है। दस्तावेजों और डिजिटल सामग्री को आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

सनद रहे कि ईडी बिहार पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर अवैध बालू खनन मामले की जांच कर रही है। इस दौरान एजेंसी ने ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट




लिमिटेड के निदेशकों, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और अन्य सहयोगियों के पटना, धनबाद, हजारीबाग और कोलकाता स्थित 27 ठिकानों पर छापेमारी की थी। आरोप है कि इन कंपनियों और उससे जुड़े लोगों ने विभागीय प्री-पेड परिवहन ई-परिवहन का उपयोग किए बिना अवैध रेत खनन और इसकी बिक्री कर बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग की है।

खनन प्राधिकरण, बिहार की ओर से जारी चालान से करीब 250 करोड़ रुपये के राजस्व की भारी हानि हुई है। छापेमारी के दौरान नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज जैसे खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री के दस्तावेज,कंपनियों और उनके निदेशकों के नाम पर एफडीआर की खोज हुई है। दोनों कंपनियां कोलकाता के पते पर रजिस्टर्ड हैं और बिहार में पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, सारण, रोहतास और कैमूर में बालू खनन का काम करती रही हैं।

# भाजपा विधायक के घर पर बम से हमला

» धमाके से उड़ा गेट; बाइक से आए थे हमलावर

**इंफाल,09 जून 2023(ए)।** मणिपुर में नौरिया पाखानग्लक्पा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एस केबी के मुख्य द्वार पर गुरुवार की रात बम विस्फोट किये जाने घटना सामने आई हैं। हमले में विधायक के घर का गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस इंफाल पश्चिम के निंगथेमचा करोंग में स्थित विधायक के आवास पर हुई घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के कारण गेट क्षतिग्रस्त हो गया हालाकि कोई



हताहत नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में बाइक सवार दो संदिग्ध बम फेंकते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि हमले के वक्त नौरिया पखंग लक्पा सीट से विधायक केबी देवी घर पर मौजूद थीं।विधायक एस केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं। विधायक ने आगे कहा, हम सभी इंसान हैं और दोनों समुदायों के बीच जो भी मनमुटाव है उसे बम के बिना सुलझाया जा सकता है।

# संगीता फोगाट को लेकर बृजभूषण के घर पहुंची दिल्ली पुलिस



### पहलवान ने बताई सारी बात

**नई दिल्ली,09 जून 2023(ए)।** पहलवान संगीता फोगाट को दिल्ली पुलिस शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के आधिकारिक आवास पर ले गई ताकि उन घटनाक्रमों का नाटकीय रूपांतरण किया जा सके जिसके तहत यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी। बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं । सूत्रों के अनुसार फोगाट के साथ महिला कांस्टेबल भी थीं।

सूत्रों ने कहा, ''करीब डेढ बजे संगीता फोगाट को लेकर महिला अधिकारी दिल्ली में बृजभूषण के आधिकारिक निवास पर पहुंचे। वे करीब आधा घंटे तक वहां रूके। उन्होंने फोगाट से घटनाक्रम को दोहराने और उन स्थानों को याद करने के लिये कहा जहां उत्पीड़न हुआ था।''

इस बीच पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया ने उन खबरों की आलोचना की, जिसमें दावा किया गया कि संगीता फोगट बृजभूषण के घर पर इसलिए गईं क्योंकि पहलवान उनके साथ यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर समझौता कर रहे हैं। विरोध करने वाले पहलवानों ने कहा कि बृजभूषण अपनी पावर का इस्तेमाल नैरेटिव को बदलने के लिए कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि एक महिला शिकायतकर्ता संगीता फोगाट को बृज भूषण के आधिकारिक आवास पर इसलिए ले जाया गया क्योंकि यह अपराध स्थल था। विनेश फोगट ने एक बार फिर गिरफ्तारी की मांग करते हुए ट्वीट किया, विनेश ने लिखा, बृजभूषण की यही ताकत है। वह अपने बाहुबल, राजनीतिक ताक़त और झूठे नैरेटिव चलवाकर महिला पहलवानों को परेशान करने में लगा हुआ है, इसलिए उसकी गिरफ्तारी जरूरी है। पुलिस हमें तोड़ने की बजाए उसको गिरफ्तार कर ले तो इंसाफ की उम्मीद हैं वरना नहीं। महिला पहलवान पुलिस इन्वेस्टीगेशन के लिए क्राइम साईट पर गयीं थीं लेकिन मीडिया में चलाया गया कि वे समझौता करने गई हैं।

दिल्ली पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा सांसद और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले की जांच कर रहा है । जांच रिपोर्ट अगले हफ्ते तक जमा करने की उम्मीद है। जांच के तहत एसआईटी ने 180 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस ने मामले में दो एफआईआर दर्ज की है।

# शरद पवार व संजय राउत को जान से मारने की धमकी से हड़कंप

» डॉ. नरेंद्र दाभोलकर जैसा हश्र करने की चेतावनी

**मुंबई,09 जून 2023(ए)।** विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के दो वरिष्ठ नेताओं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत को शुक्रवार को अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है। पवार को एक ट्विटर संदेश के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र डॉ. नरेंद्र दाभोलकर (अगस्त 2013 में पुणे में गोली मार दी गई) के समान होगा।

उधर संजय राउत के विधायक भाई सुनील राउत किए गए टेलीफोन पर उनके भाई, सांसद संजय राउत को चुप रहने की चेतावनी दी गई और ऐसा न करने पर एक माह के भीतर गोलियों से छलनी करने की धमकी दी गई। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मामले में मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर से मुलाकात की



और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई, वहीं राउत ने भी पुलिस को धमकियों की जानकारी दी।

सुले ने चेतावनी दी कि अगर उनके पिता को कुछ होता है, तो राज्य के गृह विभाग (उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित किया। एनसीपी के कई नेताओं ने सरकार तत्काल कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि शरद पवार और संजय राउत को कांग्रेस-एनसीपी-शिवसेना (यूबीटी) एमवीए गठबंधन का मुख्य वास्तुकार माना जाता है, जिसने जून 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सत्ता से हटने तक 30 महीने से अधिक समय तक प्रदेश में शासन किया था। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पवार को धमकी चिंता का विषय है और उन्होंने पुलिस से मामले में तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# भाजपा सांसद मीणा ने वैभव गहलोत पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**जयपुर,09 जून 2023(ए)।** राजस्थान के भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा 5,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (डीओआईटीसी) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शिकायत दर्ज कराने के बाद अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के खिलाफ शुक्रवार को एजेंसी को एक अलग से शिकायत दर्ज कराएंगे। उनकी टीम ने बताया कि मीणा शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचेंगे और वैभव गहलोत और फेयरमोंट होटल के मालिक रतनकांत शर्मा के खिलाफ 'सबूत' सौंपेंगे।




भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि मॉरीशस की एक शेल कंपनी ने होटल फेयरमोंट में करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मीणा ने आरोप लगाया कि यह पैसा गहलोत और उनके परिवार के सदस्यों का है, जिसे पहले हवाला चैनल के जरिए मॉरीशस भेजा गया था। मीणा ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गहलोत, उनके बेटे वैभव गहलोत व बहू हिमांशी गहलोत पर फर्जी व डमी बनाकर फाइव स्टार हैरिटेज होटल व्यवसाय में करोड़ों रुपये का अवैध निवेश करने का आरोप लगाया।

मीणा ने अवैध भूमि परिवर्तन, अवैध निर्माण, चरागाह भूमि और सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए ईडी से जांच की मांग की। मीणा ने मुख्य रूप से उदयपुर में रैफल्स होटल, ताज अरावली होटल, माउंट आबू में निमडी पैलेस और जयपुर में फेयरमोंट होटल में कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया।

# आरबीआई के फैसले के खिलाफ सुनवाई से सुको का इनकार

**नई दिल्ली,09 जून 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गर्मी की छुट्टी के दौरान अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की उस याचिका को सूचीबद्ध करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 मई के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें बिना किसी पहचान के 2,000 रुपये के नोट बदलने की अनुमति दी गई थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और राजेश बिंदल की पीठ ने उपाध्याय से कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में अदालत के फिर से खुलने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष अपनी याचिका का उल्लेख करें।

पीठ ने कहा कि अन्य अवकाश पीठ ने पहले ही कहा था कि गर्मी की छुट्टी के बाद आओ और कहा, हमने रजिस्ट्रार की रिपोर्ट का अवलोकन किया। हमारी राय में, अवकाश पीठ के निर्देश को हम बदल नहीं सकते हैं। उपाध्याय ने कहा कि 10 दिनों में 1.8 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन किया गया है और केवल 10 करोड़ रुपये का कर



चुकाया गया है। पीठ ने कहा कि छुट्टी के दौरान याचिका को सूचीबद्ध करने की कोई जल्दी नहीं है।

अवकाश के दौरान याचिका को सूचीबद्ध करने से पीठ के इनकार के बाद उपाध्याय ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। पीठ ने उनसे कहा कि यह अदालत है, सार्वजनिक मंच नहीं, इस तरह की टिप्पणी न करें और कुछ मर्यादा होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून को दिल्ली हाई कोर्ट के 29 मई के फैसले को चुनौती देने वाली उपाध्याय की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। फिर, जस्टिस सुधांशु धूलिया और के.वी. विश्वनाथन ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा, अदालत छुट्टी के दौरान इस प्रकार के मामलों को नहीं ले रही है और आप हमेशा प्रमुख (भारत के मुख्य न्यायाधीश) से इसका उल्लेख कर सकते हैं।

# असम में 3.7 तीव्रता से आया भूकंप

**गुवाहाटी ,09 जून 2023(ए)।** असम में शुक्रवार को 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, झटका सुबह 10ः05 बजे महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र तेजपुर से 39 किमी पश्चिम में 10 किमी की गहराई में था।गुवाहाटी और राज्य के अन्य शहरों के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए।




इससे पहले 29 मई को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र तेजपुर के पास सतह से 15 किमी की गहराई में था।

## संपादकीय

### रेल दुर्घटनाःजवाब देही है ही नहीं !

बालासोर ट्रेन हादसे के लिए आखिर कोई तो उत्तरदायी होगा? लेकिन वर्तमान सरकार के तहत उत्तरदायित्व एक अप्रचलित शब्द है। सरकार ने जो किया है, भले के लिए किया होगा- यह इस बात को मान कर चलने का दौर है!

ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना की जांच सीबीआई को सौंपने की खबर अगर बहुत से लोगों के गले नहीं उतरी है, तो उसका कारण है। सीबीआई अपराधों की जांच करने वाली एजेंसी है। तो क्या सरकार को कहीं से इस बात के संकेत मिले हैं कि इस दुर्घटना के पीछे तोड़फोड़ हुई हो सकती है? जबकि रेलवे के सूत्र कह चुके हैं कि हादसा संभवतः सिग्नल सिस्टम की गड़बड़ी से हुआ। इसके अलावा हादसा होने के बाद से गुजरे वर्षों में रेल सुरक्षा की हुई अनदेखी की चर्चा सुर्खियों में आई है। किस तरह सुरक्षा से जुड़े हजारों पद खाली पड़े हैं और कैसे बजट आवंटन में सुरक्षा का मद घटता चला गया है, ये तमाम बातें मीडिया में आई हैं। ये बातें सीएजी की रिपोर्ट के हवाले से भी कही गई हैं। विशेषज्ञों ने बताया है कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद ध्यान आम रेल सेवा को सुधारने और दुरुस्त करने पर नहीं, बल्कि उच्च आय वर्गों के लिए सुविधाजनक और सुर्खियां बटोरने वाली कुछ हाई स्पीड ट्रेनों पर टिका रहा है। पूर्व यूपीए सरकार के कार्यकाल में रेल सुरक्षा पर अनिल काकोडकर कमेटी बनी थी। उसने विस्तृत रिपोर्ट दी थी और उस समय कहा था कि भारत में रेल यात्रा को पूर्ण सुरक्षित बनाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के बजट की जरूरत होगी। उससे पहले रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए सैम पित्रोदा समिति बनी थी। उसने भी एक विस्तृत खाका पेश किया था। गुजरे नौ वर्षों में इन समितियों की सिफारिशों के बारे में कहीं कुछ नहीं सुना गया। जबकि ट्रेन हादसे बदस्तूर जारी रहे हैं। अब चूंकि पूरी दुनिया में चर्चित हुई दुर्घटना हुई है, तो इन सारे प्रश्नों की तरफ ध्यान गया है। इसके साथ ही जवाबदेही का सवाल उठा है। आखिर जो लगभग तीन सौ जानें गईं और आठ सौ से अधिक घायल हुए, उनके परिजनों और उनकी पीड़ा के लिए कोई तो उत्तरदायी होगा? लेकिन वर्तमान सरकार के तहत उत्तरदायित्व एक अप्रचलित शब्द है। सरकार ने जो किया है, भले के लिए किया होगा- यह इस बात को मान कर चलने का दौर है!

# मोदी हों या राहुल,सबका मक्का अमेरिका-लंदन

यह सच्चाई है। तभी आजाद भारत की मनोदशा का यह नंबर एक छल है कि हम रमते हैं पश्चिमी सभ्यता-संस्कृति में लेकिन तराना होता है हिंदी-चीनी भाई-भाई या रूस-भारत भाई-भाई। यों आजाद भारत का पूरा सफर दोहरे चरित्र व पाखंडों से भरा पड़ा है लेकिन भारत की विदेश नीति में जितना पाखंड, दिखावा और विश्वगुरू बनने की जुमलेबाजी हुई वह रिकार्ड है। मैंने अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के हमले, शीतयुद्ध के पीक वक्त में अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर लिखना शुरू किया था। तब से आज तक वैश्विक मामलों में भारत की विदेश नीति के दिखावे और हकीकत, झूठ और सत्य के ऐसे-ऐसे ढोंग देखे हैं, जिससे विशाल आबादी वाला भारत दुनिया की तो छोड़ें गली का चौधरी भी नही बन पाया। जबकि चीन देखते-देखते सचमुच अब विश्व व्यवस्था की नंबर दो धुरी है। तब सोवियत संघ धुरी था और चीन 1985 में दुनिया का अछूत तथा निवेश-तकनीक की जुगाड़ का एक कंगला देश। लेकिन चीन ने अमेरिका को, निक्सन व किसिंजर को पटाया। और अमेरिकी-पश्चिमी देशों की बुद्धि-तकनीक विज्ञान-पूंजी से अपने को दुनिया की फैक्टरी बना नंबर दो वैश्विक ताकत हुआ।

वही भारत के राजीव गांधी से लेकर वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह, नरेंद्र मोदी सबने अमेरिका-पश्चिमी देशों को इसलिए नहीं पटाया क्योंकि पंडित नेहरू, कृष्ण मेनन, इंदिरा गांधी की लुटियन दिल्ली में उन दिनों निर्गुट देशों की धुरी का पाखंड था। मतलब हम गरीब, दक्षिण दुनिया के चौधरी। हमें न अमेरिका से मतलब और न सोवियत संघ से। हम तो निर्गुट। जबकि यह पाखंड बोलता हुआ था कि भारत ने सोवियत संघ से बीस साला मैत्री संधि कर वह उससे हथियार खरीद रहा है। तब भी कम्युनिस्ट हो या राष्ट्रवादी या दक्षिणपंथी सब इसी भ्रम में जीते थे कि हम तो जन्मजात विश्वगुरू और एटमी महाशक्ति। याद करें कम्युनिस्टों ने मनमोहन सरकार के अमेरिका के संग एटमी करार का कैसा तगड़ा विरोध किया जबकि वह भारत के अछूतपन को खत्म करने की कोशिश थी। पर सरकार दांव पर लग गई लेकिन मनमोहन सिंह ने दम दिखाया। यदि क्लिंटन के समय पीवी नरसिंह राव और डॉ. मनमोहन सिंह के वक्त अमेरिका से नए सिरे से केमिस्ट्री नहीं बनी होती तो आज भी एटमी विस्फोटों के बाद विश्व समुदाय में बना भारत का अछूतपना बना हुआ होता। इसलिए कि नरेंद्र मोदी ने भी अपने प्रति पश्चिम देशों के लोकतंत्र में बनी हुई एलर्जी में तथा चीन से धंधे से चमत्कृत हो कर शी जिनफिंग को झूले झुलाते हुए राज शुरू किया था। वे पुतिन के मुरीद थे।

पते की बात है कि आजाद भारत का हर नेता, हर अफसर, हर सेठ, हर पढ़ा-लिखा व्यक्ति विदेश में जा कर बसा है। वही बेटे-बेटियों को पढ़ाता और बसाता है। भारत के लोग चीन, रूस या किसी अफ्रीकी देश में नहीं, बल्कि पश्चिमी देशों में जा कर बसे हैं, बसना चाहते हैं। पश्चिम में ही भारतीयों की बुद्धि-प्रतिभा को पंख लगते हैं जीवन बनता है। तभी ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के देश प्रवासी भारतीयों का नंबर एक ठिकाना है। कोर कारण पश्चिमी सभ्यता के खुले और उदारवादी माहौल में काम के अवसर मिलना है। सुख-सुकून की सुरक्षित जिंदगी है। मुझे ध्यान नहीं है कि भारत के कम्युनिस्ट नेताओं में भी किसी ने अपने मक्का याकि चीन, सोवियत संघ, क्यूबा में बच्चों को पढने के लिए भेज वहां सीखने, कम्युनिस्ट आदर्शों वाली अपनी जिंदगी बनाने के लिए कहा हो। विषयांतर हो रहा है। कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी हों या राहुल गांधी सबका मक्का है अमेरिका और लंदन। तभी तमाम धिक्कारों के बावजूद नरेंद्र मोदी ने भी अमेरिका, ब्रिटेन की पश्चिमी देशों की बिरादरी में अपने सर्वाधिक बड़े शो किए हैं और करते हुए हैं। इन देशों के नेताओं से गले मिलने के उन्होंने तमाम तरह के जतन किए हैं ऐसे ही राहुल गांधी के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप ही मक्का है! क्या मैं गलत हूं?

**हरिशंकर व्यास**

# दूसरों की थाली का खाना पसंद,दूसरों को भी आपकी थाली का खाना पसंद

अरे-अरे क्यों नाराज़ होते अगर कोई आपकी थाली का खाना खा रहा है तो। आप भी तो दूसरों की थाली का खाना खाते हैं ना आखिर। तो नाराजगी किस बात की हिसाब बराबर।

जी हां, आज मैं जिस विषय को लेकर अपनी कलम से तीखे शब्दों का वार कर रही हूं वह केवल शब्दों की बनावटी माला नहीं या मेरे अंतर्मन भाव की सिर्फ कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी कड़वी सच्चाई है जिस से रूबरू करवाना पूरी दुनिया को जरूरी है। अब आप सोच रहे होंगे की यह कैसी बातें की दूसरों की थाली का खाना पसंद तो, दूसरों को भी हक आपकी थाली से खाना खाने का यह सब क्या है? आप, अभी भी मेरे कहने का भावार्थ नहीं समझे हैं। शब्दों का चांटा कभी भी किसी के गाल पर सीधे ना मार कर, घुमा फिरा कर ऐसा चांटा मारा जाए कि वह चांटा सीधे उसकी रूह को घायल कर दे। इसलिए मेरे लिखे शब्दों का चांटा घुमा कर उल्टा सीधा ही सही परंतु हकीकत भरे आईने में कालिख लगा उन लोगों को चेहरा दिखाना बहुत जरूरी है जो दूसरों कि थाली का तो चटखारे लेकर खाना पसंद करते, परंतु कोई उनकी थाली में नजर भी उठा कर देखें तो क़त्ल तक करने के लिए तैयार हो जाते। तो आइये समझिए अब मेरे शब्दों के भावार्थ को-यहां बात हो रही है आज के वर्तमान युग में चल रहे प्रेम जगत के मायाजाल की। इस प्रेम के मायाजाल में नव युवा पीढ़ी जो कि अभी अविवाहित हैं उनको यदि छोड़ दिया जाए, तो देखा जाएगा कि आज के समय में बहुत सारे विवाहित पुरूष जो विवाहित होने के बावजूद, साथ ही बच्चों के पिता होने के बावजूद भी दूसरों की बीवियों पर डोरे डालते रहते हैं किसी भी प्रकार से दूसरों की बीवियों को फसाते जैसे कि अपने दोस्त, रिश्तेदार की बीवी, या अपने कार्यस्थल की महिलाओं को फंसा कर उनका अनैतिक फायदा उठाते हैं वो महिलाएं जो की पहले से ही शादीशुदा हैं उन्हें आप इस प्रकार प्रेम माया जाल में फसा कर उनसे शारीरिक सुख पाते यह जानते हुए भी की इससे आपकी खुद की और उस महिला की भी शादीशुदा जिंदगी में जहर घुलेगा फिर भी अनैतिक रिश्ते बनाते। आप अपनी उस पत्नी को धोखा देते जो आपके लिए सब कुछ छोड़ कर आई और आपके भरोसे सिर्फ आपके प्यार के खातिर आपके साथ रह रही है। आपकी संतानों की परवरिश भी कर रही है उसी बीवी को दिन रात अंधेरे में रखकर धोखा देते हैं। यदि किसी की बीवी को पता चले और वह विरोध करें तो उसी को ही चरित्रहीन भी बताते हैं दुनिया के सामने। सिर्फ अपने पाप को छुपाने के लिए। आप सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए अपने बच्चों को और बीवी को दिन रात अंधेरे में रखते हैं। छुप-छुप कर दूसरों की बीवी से मिलना क्या यह जायज है और हां बहुत बार तो आप पकड़ा भी जाते हैं। देर रात तक दूसरे की बीवी के साथ सोशल मीडिया पर मजे लूटना अगर इन सब चीजों में आपको आनंद आता है। तो ठीक उसी तरह दूसरे मर्दों को भी आपकी थाली का खाना, खाना बहुत पसंद आता है। मतलब आपकी बीवी को भी दूसरे मर्द फंसाते हैं और उनके साथ प्रेम का मकड़जाल बनाकर उनका फायदा उठा सकते हैं जैसा की आप दूसरों की बीवी के साथ उठा रहे हैं। ठीक उसी तरह दूसरे भी आपकी बीवी के साथ वह सब कर सकते जो आप कर रहे हैं। और हां इसमें आपकी बीवी भी यदि हामी भरती है तो उसके जिम्मेदार सिर्फ आप स्वयं है क्योंकि दूसरी या बाहरी रखैल के लिए आप अपनी बीवी को नजर अंदाज करते उसे उसके हक के प्रेम से वंचित करते तो वो भी प्रेम और सम्मान पाकर वशीभूत हो जाती परायों से। अब आप शायद मेरे इस कटाक्ष भरे शब्दों को समझ गए होंगे कि यदि आपको दूसरों की थाली का खाना पसंद है तो दूसरे भी आपकी थाली को चाट-चाट कर खा सकते हैं और आप कुछ नहीं कर सकते क्योंकि आपके आगे प्रश्नों की झड़ी सबसे पहले आपकी बीवी ही लगाएगी कि जब आप दूसरों की बीवी से छुप-छुपकर मिल सकते हैं कभी बैंक में, कभी मंदिर में, कभी किसी गुप्त कमरे में, कभी दूसरे शहर में, तो कभी कहीं ओर। आज यदि किसी औरत को उसका पति छलनी कर देता भीतर तक सिर्फ दूसरी औरत की खातिर तो धीरे-धीरे औरत भी पत्थर दिल बन जाती। और झुक जाती दूसरों से मिले सम्मान, मोहब्बत से भरे शब्दों की ओर। वो भी उसी आनंद की अनुभूति में डूब ये सोच खुश होती की उसका भी कोई है जो उसे मोहब्बत दे कद्र करता। उसे एहसास दिलाता की कमी उसमें नहीं उसके पति मे है जो उसकी कद्र ना कर पाया। अपनापन पाकर यदि आपकी बीवी झुक उन सम्मान भरे शब्दों से ही खुद को सिंगार ने लगे तो।जैसे आप दूसरों कि बीवी संग आनंद पाते ठीक उसी तरह दूसरे आपकी बीवी के साथ आनंद लेते। यदि कोई दूसरा मर्द यह सब करें आपकी थाली के साथ तो इसमें आपको अचंभित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि एक कहावत बहुत प्रचलित है। जो जैसा करेगा वह वैसा भरेगा और आज कल तो ये कहावत आम हो गई है।


वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

# वो दीवाने जाएं तो कहां जायें

मेरे ख़्वाबों की हक़ीक़त और मेरा अरमान थी वो, मैं उसे दिल की बे इंतेहा गहराइयों से प्यार करने लगा था, उसने मुझे वक़्त का पाबंद बना दिया था, मैं अहले सुबह उठ जाया करता था, सब काम वक़्त पर निपटा कर पढ़ाई के लिए कॉलेज निकल जाया करता था, उन दिनों कॉलेज पैदल ही जाना होता था, मोटरसायकिल का ज़माना नहीं था, मुराद ये कि सब के पास ऐसे साधन का होना बड़ी बात हुआ करती थी, और वो भी कॉलेज में मेरा इंतज़ार करती हुई मालूम होती थी, दिसंबर की वो गुलाबी ठंड थी, और ऐसे ही किसी गुलाबी शाम को उससे मेरी मुलाक़ात हुई थी। उसका नाम पिंकी था, पिंकी से पहले भी कई लड़कियां मैंने देखीं थी, मगर पिंकी से मुलाक़ातों का सिलसिला कुछ इस तरह रहा कि इश्क़ परवान चढ़ गया, वादे शादी तक पहुँच गए, इम्तेहान हो गए रिजल्ट आया , कामयाबियाँ और मुस्तकबिल की फिकरों के साथ ,खत किताबत का सिलसिला जारी रखने की बातों को लेकर रुख़्सती का वक़्त आ गया,

मुझे आगे पढ़ाई केलिए शहर आना पड़ा, और वो अपने शहर में एक मुक़ामी स्कूल में टीचर हो गई, मैंने भी भोपाल शहर के एक होम्योपैथिक कॉलेज में दाखिला ले लिया था, फिर उससे कभी कभार मिलना हो जाया करता था,

ख़तों का सिलसिला भी जारी रहा, मेरा एक साल बख़ूबी रहा और मैं अगली क्लास में पहुँच गया था, मैं पहले अपनी पढ़ाई मुकम्मिल करना चाहता था, उसके बाद ही मैं चाहता था कि पिंकी से शादी करके खुशहाल ज़िन्दगी गुज़ारूँगा,और पिंकी भी इस फैसले के लिए रज़ामंद थी,

हमारी मुहब्बत से और रिश्ते से उसके और मेरे घर वाले भी वाकिफ थे, सो कोई फ़िक्र वाली बात भी नही थी,

एक रोज़ मैं भोपाल बड़े तालाब के पास बैठा दूर दूर तक फैली शाम की हल्की हल्की तारीक लहरों को डूबते हुए देखरहा था, हवा के ठंडे खुशनुमा झोंके दिल और दिमाग़ को बहला रहे थे, ऐसा लग रहा था शायद कहीं समंदर में जहाजों की आवाज़ें आरहीं हैं, और ये आवाज़ें फ़ज़ाओं को चीर कर नसीब की आहों से टकरा कर मुझे खबरदार कर रहीं हैं , बरसों से ये ही होता आरहा है इंसान जो चाहता है वो उसको नहीं मिल पाता है, समंदर में लहरें उठती हैं सिसकती हैं, और वापस समंदर में गुम हो जाती हैं,

नहीं नहीं मैं क्या सोचने लगा , मैंने इन ख़यालों को झटका दिया, और हक़ीक़त की दुनिया में लौटकर रूम की तरफ गामज़न हो गया,

बे मलब के ख्याल रात भर सताते रहे , नींद पूरी न हो सकी, ये मार्च का महीना था, सोचा के एग्जाम के बाद पिंकी से मिलूंगा, और फिर मैं पढ़ाई मि तैयारी में लग गया,

मुझे पिंकी ने बताया था कि वो नोकरी छोड़ कर बीएड करना चाहती है, इस सिलसिले में उसे बुराहनपुर जाना होगा,,

लेकिन ,अभी नहीँ मार्च तक तो स्कूल में पढ़ाती रहूँगी,

उसने कहा था कि शायद तुमसे अभी कुछ दिनों मिलना या बात न हो सकेगी, मेरा भी पूरा ख़्याल था कि वो आगे की तालीम किसी तरह जारी रखे, और एक कामयाब शख्शियत बन कर समाज को फ़ैज़ याब करे,

में भी मुतमईन हो गया, उसने कहा था जनाब हम कहाँ जा रहे हैं हम तो आपके ही हैं, लेकिन अभी तो इंतज़ार का मज़ा लीजिये, और इम्तेहान में दिल लगा कर आगे बढ़ते रहो,

इस तरह मार्च के बाक़ी दिनों पिंकी से कोई बात चीत न हो सकी मोबाइल का भी ज़माना नही था, उसके काफ़ी खत मैंने अपने पास महफ़ूज़ रख छोड़ें थे, जो आज भी मेरे पास हिफ़ाज़त से ही रखे हुए हैं,

इम्तेहान के बाद जब मैं वापस लौटा तो पिंकी से मिल न सका बेचैनी बढ़ गई, उसके घर की जानिब चल पड़ा पता लगा कि सब लोग वापस अपने शहर चले गए हैं,

उसके वालिदैन भी सर्विस में थे, सोचा के कोई बात नहीं शहर का तो पता है वहां जाकर मिलआऊंगा,

जब मैं वहां पहुंचा तो पिंकी भी थीं और घर के तमाम अफ़राद भी मौजूद थे,पिंकी ने ठीक से बात नहीं कि उखड़ी उखड़ी नज़र आई, मुझे अपने सपने टूटते नज़र आये, फिर एक दिन पता लगा कि पिंकी का रिश्ता यानी सगाई की रस्म होने वाली है, मैन बहुत कोशिश की कि पिंकी से अकेले में बात हो जाए मगर अब मिलना मुहाल हो गया था, कोई सूरत नज़र न आरही थी ,पिंकी ने एक खत भेजा और लिखा कि ज़िंदगी एक सच्चाई है जिससे मुंह नही मोड़ा जा सकता, मैं तम्हारी हर खुशी में तुम्हारे साथ थी, और दुआ करती हूं कि तुम सदा खुश रहो और एक खुशहाल ज़िन्दगी बसर करो,

मुझसे अब तुम्हारा मिलना मुकमकिंन नही है,वजह तो आप ख़ुद जानते हैं,

मैं खुद यहां से अपना रास्ता अलग करती हूँ,

अब जब बात ही ख़त्म होगई तो बाक़ी क्या बचा था,

टुटा हुआ दिल रफ्ता रफ्ता समझ गया, और वक़्त ने एक मरहम का काम किया,और,,,,, आखिरकार ज़ख़्म भर ही गया, लेकिन कभी कभी ज़हन में आता कि आख़िर वजह क्या थी , पिंकी सच्चाई ने क्यों नही बताना मुनासिब समझा, क्या घर वालों का प्रेसर था या मुझमें कोई गल्ती नज़र आने लगी थीं, , मैं भी तो डॉक्टर बनने वाला था,क्या में ज़िन्दगी की खुशियां पिंकी को देने में नाकाम साबित होने वाला था, खैर सोचने से अब क्या होगा, मुक़द्दर के फ़ैसले तो ख़ुदा ही करता है ,फिर उसने भी कुछ सोचकर ही हमारा नसीब लिख दिया होगा,,,,,

तक़रीबन इस मुआमले को 4 साल हो गए थे, एक रोज़ मैं क्लिनिक टाइम से नही पहुंच पाया था, और जब मैं ष्द्वय्द्वठुद्वष पहुंचा तो मेरे अस्सिस्टेंट ने मुझे एक लिफाफा मेरे हाथों में देकर कहा कि कोई मोहतरमा आई थी काफी इंतेज़ार किया फिर ,आप नहीं आ पाये तो वो चली गई,

लिफाफा काफी ख़ूबसूरत था, ऊपर पिंकी लिखा था, मेरी हैरत का ठिकाना नहीं रहा, अंदर लिखा था , मैं बहुत दिनों से तुमको तलाश कर रही थी, शुक्र है ख़ुदा का कि आखर आपका पता मिल ही गया,

मेरे दिल में कई ख़्याल आये और दिल मुस्कराने लगा आंखें चमक उठी, उसने लिखा था, ठीक 6 बजे शाम न्यूमार्केट के उसी कैफ़े में जहाँ अक्सर हम मिला करते थे,

मेरी बेक़रारी बढ़ ने लगी थी,

मैं इस हसीन मुलाक़ात को दिल ही दिल में तरक़ीब देने लगा, और फिर मैं तैयार होकर वक़्त से पहले ही मुक़र्रर जगह पर पहुंच गया, जहां मैंने देखा

कि वो भी वहां पहले से ही रोशन अफ़रोज़ थी उर उसे देखते ही मैं बेक़ाबू से हो गया, लेमिन वक़्त से पहले ही

मैं ने खुद को संभाल लिया आवर उससे मुखातिब होकर सामने वाली चेयर पर बैठ गया, मुझे आज का वक़्त और ये लम्हे हक़ीक़त कम ख्वाब ज्यादा लग रहे थे,

उसकी आंखें भी बहुत कहना चाह रही थी मैं ने उसकी आँखों में झांकने की कोशिश की , एमजीआर उसे आँखें झुका कर पूछा कैसे हो, मैं के कहा आपके सामने हूँ चहरा पढ़ लो, उसकी आंखों में हैरत उभर आई थी, और यकायक उसके चेहरे का रंग एक दम बदलने लगा, हम एक दूसरे के सामने थे मगर कुछ पल के लिए हमारे दरमियान खामोशी ने ले ली थी, अल्फ़ाज़ गायब हो गए थे, मैं ने चुप्पी तोड़ कर पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया।

हमने तो साथ जीने मरने मि क़समें खाई थीँ, फिर वो सारा माजरा उसको बताया वो ख़ामोश ,सुनती रही , मैं ने कहा तुम बेवफ़ा हो ,वो कहने लगी कैसे गुज़र रही फै।इली जे साथ सुकून होगा, मैं ने कहा किस फेमिली की बात कर रही हो, मैं तो आज भी तुम्हारा इंतेज़ार कर रहा हूं, झूठ बोलते हो, मेरी आंखों में नमी नुमाया ही गई उसे कोई फ़र्क नही पड़ा बो मूझे और सख्त नज़र आई,

मैंने कहा आज तुमने मुझे यहां क्यों तलब किया है,

वो बोली ,

इतनी बेक़रारी क्यों है, दरअसल आपकी एक अमानत मेरे पास महफ़ूज़ है, वो लौटाने आई थी, फिर उसने एक

खूबसूरत मुड़ा हुआ कागज़ मेरे तरफ़ बढ़ा दिया, जिसको पहले तो मन सरसरी तौर पर निगाह दाल कर देखा फिर बहुत ही जल्दी पढ़ लिया,

वो एक टाइप किया हुआ मज़मून था, जिसमें लिखा था,

डियर पिंकी मैं अपनी ज़िंदगी किसी ओर के साथ वाबस्ता करना चाहता हूँ ,क्यूंकि मैं जानता हूं तुम मुझसे मुहब्बत नहीँ करती तुम्हारे ख्वाबों का शहज़ादा कोई ओर है, ।के तुम्हें ज़िंदगी मि वो खुशियां नहीं दे सकता जो तुम चाहती हो, आज के बाद मेरा तुम्हारा कोई रिश्ता नही मैं तुमसे अपने सारे रिश्ते तोड़ता हूँ, मुझसे तुम्हें शिकायत

ज़रूर होगी, लेकिन मुझे तुमसे कोई गिला नहीं है,

ये खत मैं ने कब लिख दिया सोचने लगा नीचे दस्तख़त मेरे ही मालूम होते थे, मेरा पूरा वजूद घायल सा हो गया, पलकें झपक नहीं पा रहा था पैरौं के नीचे से ज़मीन खिसकती महसूस हुई,

में कुछ नहीं पा रहा था, कुवत्ते गोयाई खत्म हो गई थी, और में चक्कर खाकर गिर गया,

जब मुझे होश आया तो मैं हॉस्पिटल में था, और बो मेरे नज़दीक बैठी थी, मैं ने उसका हाथ अपने हाथों में लेकर कहा, पिंकी तुम भी न ,सच अपनी क़सम ये किसी की शरारत थी, जिसके लिए तुमने मुझसे बात भी करना मुनासिब नहीं समझा, और मैं अपनी तक़दीर को कोसता रहा, ये खत मैंने कभी लिखा ही नहीं, एक गलत फ़हमी की इतनी बड़ी सज़ा, उफ मेरे अल्लाह, और एक खत को मुझतक पहुंचाने में तुमने कितना वक्त गंवा दिया, पिंकी, पिंकी मैं बस तुम्हारा था तुम्हारा ही हूँ और रहूंगा, पिंकी की आंखे नम हो गई, वो ये कह कर मुझसे लिपट गई, प्लीज़ मुझे मुऑफ़ कर दो ग़लती मेरी थी मुझे तुमसे साफ़ साफ़ बात करना चाहिये थी,। और फिर दोनों तरफ से खुशियों के आँसू निकल पड़े, दोनों चहरे[illegible]।


**अहमद शाह**
सहज़ हरदा
मध्यप्रदेश

# क्यों चर्चा में हैं पाकिस्तान के जैन मंदिर ?

जैन संत आचार्य विजय धर्म धुरंधर सूरीश्वर महाराज इन दिनों खासी चर्चा में है। वह हाल ही में पाकिस्तान की यात्रा करके स्वदेश लौटे हैं। अनेक लोग पाकिस्तान की यात्रा करते रहते हैं लेकिन इस संत की यात्रा के खास मायने हैं। जैन मुनि की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश के विभाजन के बाद 75 सालों में आज तक कोई जैन संत पाकिस्तान नहीं गया। आचार्य श्री धुरंधर ऐसे पहले जैन संत हैं, जिन्होंने न केवल विभाजन के उपरांत पाकिस्तान की यात्रा की बल्कि जैन संस्कृति के प्रतीक प्राचीन जैन मंदिरों में जा कर पूजा-अर्चना भी की है। उन्होंने पाकिस्तान में जा कर शांति एवं अहिंसा का संदेश दिया है, जिसकी देश-दुनिया में चर्चा हो रही है। इसी के साथ पाकिस्तान में स्थित जैन मंदिर भी चर्चा में आ गए हैं।



जैन समाज में आचार्य धर्मधुरंधर परिचय के मोहताज नहीं हैं। समाज में एक समृद्ध व्यक्तित्व वाले संत के रूप में उन्हें पहचाना जाता है। आचार्य श्रीमद् विजय सुमंदर सूरीश्वर महाराज के अनुयायी संत धर्म धुरंधर ने 11 साल की उम्र में दीक्षा ली थी। उन्होंने अपने गुरु के मार्गदर्शन में जैन धर्म और अन्य धर्मों का गहन अध्ययन किया है एवं अपने आध्यात्मिक ज्ञान और विवेक की बदौलत आचार्य पदवी प्राप्त की है। वह समाज में प्रसिद्ध उपदेशक तो हैं ही, इसके साथ-साथ बहुमूल्य हस्तलिखित जैन साहित्य के शोध में भी उनकी विशेष रुचि है। उन्होंने विभिन्न ग्रंथों पर शोध का उल्लेखनीय कार्य किया है। कई पुस्तकें भी लिखी हैं।

जैन मुनि 21 मई को अपने शिष्यों और श्राविकों के साथ पाकिस्तान गए। उन्होंने 11 दिवसीय यात्रा के दौरान वहां लाहौर के अनारकली बाजार स्थित प्राचीन जैन मंदिर, लाहौर म्यूजियम में गुरु आत्माराम जी महाराज की चरण पादुका तथा गुजरांवाला में समाधि स्थल के दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। करीब तीन सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान मुनि ने वहां विभिन्न जैन मंदिरों और उनके अवशेषों को देखा। उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा लाहौर स्थित जैन मंदिर का जीर्णोद्धार कराने पर खुशी जताई। साथ ही, पाकिस्तानी अधिकारियों से यह आग्रह भी किया कि गुरु आत्माराम जी महाराज की चरण पादुकाएं जहां से ला कर म्यूजियम में रखी गई हैं, अगर वहीं पर पुनः प्रतिष्ठित की जाएं तो समूचे जैन समाज के लिए यह हर्ष की बात होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी भावना अपनी सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

जैन मुनि की इस यात्रा से भारत और विश्व के अन्य देशों के जैन समुदाय का ध्यान पाकिस्तान स्थित जैन मंदिरों की ओर गया है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत में जैन संस्कृति के निशान जगह-जगह बिखरे पड़े हैं। पाकिस्तान में स्थित जैन मंदिर एक ओर जहां सार-संभाल के अभाव में जर्जर हो गए हैं, वहीं 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के उपरांत अनेक मंदिरों को ढहा दिया गया। वहां अनेक भव्य मंदिर हैं, जो उपेक्षित हैं। ये मंदिर पुराने समय की अनूठी स्थापत्य कला के नमूने हैं और उस वैभवकाल की कहानी कहते हैं। इन मंदिरों की सार-संभाल करने वाला वहां कोई नहीं है। जो जैन धर्मावलंबी वहां रहते थे, वह विभाजन के समय वहां से भारत आ गए।

जैन मुनि की यात्रा ने पाकिस्तान स्थित जैन धरोहर की ओर ध्यान आकर्षित किया है। लाहौर स्थित एक जैन मंदिर का पाकिस्तान सरकार ने कोर्ट के आदेश पर पुनर्निर्माण करवाया है लेकिन वह पारंपरिक जैन वास्तु शैली में नहीं है। जैन मुनि ने पाकिस्तानी अधिकारियों के समक्ष इच्छा जताई कि इस मंदिर का निर्माण जैन धर्म की पारंपरिक वास्तु शैली में करवाया जाए। हम लोग इसमें सेवाएं देने को तैयार हैं।

विभाजन के दशकों बाद तक किसी का ध्यान पाकिस्तान के इन मंदिरों की ओर नहीं था। जैन संत की यात्रा से समुदाय की दिलचस्पी इस ओर पैदा हुई है। जैनों में पाकिस्तान स्थित मंदिरों के दर्शन की इच्छा उत्पन्न हुई है। प्रबल संभावना है कि अब जैन समुदाय के लोग अपनी धरोहर को देखने के लिए पाकिस्तान जाने की योजना बनाएं। पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक महत्व के करतारपुर साहिब और ननकाना साहिब गुरुद्वारों के दर्शनों के लिए बड़ी तादाद में सिख संगत पाकिस्तान की यात्रा करती आ रही है। सिंध में स्थित हिंगलाज माता के मंदिर में आराधना के लिए भी काफी श्रद्धालु हर साल वहां जाते हैं। इस क्रम में अब जैन मंदिरों का दर्शन भी जुड़ सकता है। अगर ऐसा होता है तो इससे दोनों देशों के लोगों को एक-दूसरे के करीब आने का अवसर प्राप्त होगा। परस्पर प्रेम बढ़ेगा। दोनों देशों के कटु संबंधों के कारण जहां आज जिन फिजांओं में रंजिश का जहर है, वहां क्या पता मोहब्बत की खुशबू के झोंके आने लगें। शांति और अहिंसा को सर्वोपरि मानने वाला जैन समाज तो मोहब्बत के माहौल का ही पैरोकार है।


**अमरपाल सिंह वर्मा**
हनुमानगढ़ (राजस्थान)

## बरस रे बादर

आसाढ़ म अब करिया बादर ह छागे।
संगवारी खेती-किसानी
के दिन आगे।।
मुड़ी उठाके घुरवा के
खातू झांकत हे।
बईलागाड़ी ह
खलखला के हांसत हे।।
टेटका के लाली देंह हा भूरवा होगे।
मछरी, कोतरी मन नूनबोरवा होगे।।
लेवा के मेचका जपत हे कंठी माला।
मेकरा मन घलो
बनाये लगिन जाला।।
घांटी के धुन सुने
बर रद्दा हा अगोरथे।
रुख-राई मन पानी दाई ला सउंरथे।।
पड़की-पड़का के छूटे लागिस परान।
सुआ अऊ मैना
बिपत के गांवय गान।।
खूंटा म बंधाये गरुवा टोरत हें गेरवा।
कोठा के बछरु
भागत हे अब खोरवा।।
झड़ी बबा आगे,
तंय कब आबे रे बादर?
आ रे! छा रे!
तोला बलावत हे नागर।।
खेत छोले-चांचे
सिसयाय मन किसान।
तोर अगोरा म
रोटी घलो होगे पिसान।।
गरज रे!बरस रे!
धरती के देह ल जुड़ादे।
बारी-कोला,
खेत-खलिहान ल हरियादे।।


**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

## शहीद बिरसा मुंडा जी

वीर जन्मा जनजाति अभियान के लिए
जल जंगल जमीन स्वाभिमान के लिए
हमको देने जीवन दान,
वीरसा हो गए कुर्बान।
चले हथेली लेके जान।
वीरसा हो गए कुर्बान।।
अदम्य साहस निडर वीरता से भरपूर।
आदिवासी क्रांतिकारी नाम से मशहूर।
भुजा सजे तीर कमान।
वीरसा चले सीना तान।।
चले हथेली लेके जान।
वीरसा हो गए कुर्बान।।
स्वतंत्रता सेनानी
आदिवासी लोक नायक थे।
ब्रिटिश शासन हिलाने वाले
प्रेरणादायक थे।।
नीति नियम की मार,
दर्द झेल आदिवासी।
चरम पर नर-संहार,
कितने झूल गए फांसी।।
इतिहास के पन्ने बने शान
वीरसा हो गए महान।।
चले हथेली लेके जान।
वीरसा हो गए कुर्बान।।
जमी के ठेकेदार कैसे हक छीन जाते थे?
उनके मुँह का निवाला कैसे लूट खाते थे?
मालिकाना हक से अब बनने लगे मजदूर।
कसूरवार ठहराए, जबकि वो थे बेकसूर।।
आदिवासियों के शान
वीरसा हो गए कुर्बान।।
चले हथेली लेके जान।
वीरसा हो गए कुर्बान।।


**देव प्रसाद पात्रे**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

## तरु की टहनी

तरु की टहनी में,
खूब धूप चमकता है।
काले होकर भी,
सुंदर रूप दमकता है।।
फल-फूल उसके,बड़े औषधिकारी है।
खुश्बू बिखेरकर,
चहुँ दिशा महकता है।।
मीठ-मीठ फल की,वह भरी क्यारी है।
जो भी खाए उसका,मन चहकता है।।
हरे-हरे पत्तों में,दिखती हरियाली है।
श्वास देकर वह,
लहर-लहर लहकता है।।
जब हिलती-डुलती,
डाल-डाल पाती है।
ऐसे दिखती है मानो,सांप सरकता है।।
तरु के टहनी जब,
कुसुम संग गाती है।
धरा का मौसम,
मादक सा गमकता है।।
फलों से लदे वृक्ष,
पक्षियों को भाती है।
मीठी-मीठी सूर में,
खुशियाँ छलकता है।।
ऐसे जहाँ दिखे,मन प्रसन्न हो जाती है।
जिसको पाने को,यूँ मन ललकता है।।


**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर-चाम्पा
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# उधार में दिए रुपए मांगने पर लाठी डंडे व टांगी से हमलाकर कर दी थी हत्या,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नर्मदापुर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर उसके शव को कुएं में डाल दिया था। वहीं आरोपी साक्ष छुपाने के लिए घटनास्थल पर खून के धब्बे भी मिटा दिए थे। वह इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दिया है। आरोपी व मृतक की जान पहचान थी। आरोपी मृतक से कुछ दिन पूर्व उधार के रूप में 5000 रुपए लिए थे। जो वापस नहीं कर रहा था। उधार के रुपए वापस मांगने के लिए मृतक आरोपी के घर अक्सर जाया करता था। इससे आरोपी को अच्छा नहीं लगता था। घटना दिवस 4 जून को मृतक आरोपी के घर रुपए मांगने गया था इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी लाठी-डंडे वह कुल्हाड़ी से उस पर प्राणाघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जून को ग्राम चिखलाडीह नर्मदापुर के स्थानीय ग्रामीणों ने गांधीनगर पुलिस को जानकारी दी थी की वहीं के एक घर से रात में चीखने-चिल्लाने की आवाज आ रही थी। सूचना मिलते ही सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में गांधीनगर पुलिस की टीम नर्मदापुर गांव पहुंचकर उक्त मकान का निरीक्षण किया। वहां जमीन व दीवारों पर खून के छींटे मिले थे, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ने देखा कि खून



के छींटों को मिट्टी से लिपाई कर मिटाया गया था।

इसके बाद पुलिस ने आसपास सर्चिंग की तो घटनास्थल से कुछ दूर खेत में स्थित कुएं में एक युवक की लाश मिली। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उसके गले व पैर में रस्सी बंधी थी तथा शरीर में पत्थर भी बंधा हुआ था। वहीं शव पर चोट के निशान भी थे। मृतक की पहचान बिहार के गया जिला के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनार निवासी सुधीर साव पिता स्व. राजेंद्र साव 38 वर्ष के रूप में की गई थी। वह वर्तमान में अंबिकापुर के बौरीपारा में रह रहा था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। विवेचना के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो कथन में मामले के संदेही संजीव दास उर्फ संचू पनिका आत्मज स्व. बंटेश्वर दास उम्र 26 वर्ष साकिन चिखलाडीह नर्मदापुर को दिनांक 4 जून को रात के समय खेत के तरफ से आते देखना बताया गया था एवं संदेही घटना दिनांक से अपने घर से फरार था आरोपी के घर मे खून के छींटे एवं धब्बे भी प्राप्त हुए थे, जो विशेष पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा बताया गया कि मृतक से आरोपी का पुराना जानपहचान था मृतक सुधीर साव का घर आना जाना भी हुआ करता था, आरोपी मृतक से कुछ दिनों पूर्व उधार मे 5000 रुपये लिया था, जिस पैसे को मांगने के लिए मृतक घर आ जाता था, घटना दिनांक 4 जून को मृतक सुधीर साव आरोपी संजीव दास से अपने उधार मे दिए हुए रुपये मांगने आरोपी के घर आया हुआ था उसी दौरान रुपये आज देने की जिद पर विवाद होने पर आरोपी द्वारा मृतक को डंडे एवं टांगी से सर एवं अन्य जगहों पर मारकर हत्या कारित करना स्वीकार किया हत्या पश्चात शव को कंधे मे ढोकर दूर खेत स्थित कुएं के पास ले जाकर रस्सी एवं पत्थर से बांधकर कुएं मे फेकना स्वीकार भी स्वीकार किया गया, जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपी के निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त डंडा, टांगिया एवं घटना के दौरान पहना हुआ पैंट जप्त किया गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर उप निरीक्षक अनीता आयाम, उप निरीक्षक विजय दुबे,महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव, ओरधान आरक्षक मनोज मालवीय, महिला आरक्षक भोली राजवाड़े, त्रिलोचनी राजवाड़े, आरक्षक अमृत सिंह, अरविन्द उपाध्याय, प्रविन्द्र सिंह, ऋषभ सिंह, अनिल सिंह, अजय तिवारी, मान सिंह, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

# संकल्प हॉस्पिटल में निःशुल्क निःसंतान निवारण शिविर प्रारंभ



- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जून 2023

(घटती-घटना)।संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के आईवीएफ सेंटर के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सप्ताह भर चलने वाले निःशुल्क निःसंतान निवारण शिविर प्रारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन 38 दंपतियों ने इसका लाभ उठाया। अस्पताल की आईवीएफ इंचार्ज एवं संचालिका डॉ श्रीमती लता गोयल फर्टिलिटी एक्सपर्ट ने उपस्थित दंपतियों को चिकित्सकीय परामर्श दिए और निःसंतानता से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक उपचार के बारे में सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुशीला गोयल ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि संकल्प हॉस्पिटल में एक छत के नीचे सभी आधुनिक उपचार उपलब्ध है। नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, मेडिसिन, सामान्य एवं लैप्रोस्कोप सर्जरी, शिशु एवं बाल्य रोग तथा कैंसर की जांच एवं उपचार अत्याधुनिक उपकरणों एवं तकनीकियों से किया जाता है। निसंतान दंपतियों के लिए आधुनिक आईवीएफ सेंटर है, यहाँ से समुचित उपचार लेकर घर में बच्चे की किलकारियां सुनने का सुख प्राप्त कर सकते हैं।

# जलग्रहण सचिव पद हेतु आवेदन आमंत्रित

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिले में स्वीकृत जलग्रहण विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की परियोजना में परियोजना क्षेत्र के स्थाई निवासी, छ.ग. के मूल निवासी जल ग्रहण समिति के जल ग्रहण सचिव पद हेतु रिक्त कुल 07 पदों हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं। परियोजना क्षेत्र के विकासखंड भैयाथान के ग्राम एवं विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पंजीकृत स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 जून 2023 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों की जानकारी, भर्ती नियमों एवं आवेदन प्रारूप जिले की वेबसाइट www.surajpur.nic.in पर उपलब्ध करा दी गई है तथा कार्यालय उपसंचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक, सूरजपुर के नोटिस बोर्ड में चस्पा की गई है। अंतिम मेरिट एवं चयन सूची हेतु समय-समय पर जिले की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे। उपरोक्त नियुक्तियों, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

## नशे के कारोबार पर थाना जयनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# 50 हजार रूपये कीमत के नशीली इंजेक्शन सहित 1 गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि वेगेनार कार क्रमांक सीजी 10 एफ 0459 में एक व्यक्ति अम्बिकापुर की ओर से अवैध नशीली इंजेक्शन बिक्री करने हेतु कार में रखकर सिलफिली की ओर आने वाला है। थाना जयनगर की पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम संजयनगर में




घेराबंदी कर वेगेनार कार सहित बासुदेव सरकार पिता प्रशांत सरकार उम्र 26 वर्ष निवासी रामानुजगंज, जिला बलरामपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 81 नग एविल इंजेक्शन, 30 नग टी-जेसिक इंजेक्शन व 49 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन कुल 160 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन एवं परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई वरूण तिवारी, राकेश यादव, आरक्षक राजकुमार पासवान, विकास मिश्रा व नीरज सिंह सक्रिय रहे।

# दयानंद चौबे छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज की बैठक बालक छात्रावास सूरजपुर में प्रान्तीय महासचिव हरिशंकर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई । इस



बैठक में महासचिव हरिशंकर सिंह के द्वारा संघ के संविधान में प्रदत्त,नियम - उपनियम के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सूरजपुर जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक दयानंद चौबे को छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज जिला इकाई सूरजपुर का जिलाध्यक्ष और आर. के. दुबे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा शेष कार्यकारिणी का गठन करने हेतु नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को निर्देशित किया गया । इस अवसर पर हरिशंकर सिंह प्रान्तीय महासचिव व अध्यक्ष पेशनर्स समाज सरगुजा, जयप्रकाश चौबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरगुजा, राम खेलावन गुप्ता उपाध्यक्ष सरगुजा, जमुनालाल श्रीवास्तव संरक्षक सरगुजा, नगीना प्रसाद साहू, जयकृष्ण ओझा, हीरामणि पाण्डेय, रविशंकर मिश्रा, आर.के.दुबे, प्रवीण तिवारी, जवाहर साहू उपस्थित रहे। दयानंद चौबे सेवानिवृत्ति से पूर्व छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष का दायित्व का काफी लंबे समय तक सफल निर्वहन कर चुके हैं। सभी पेशनर्स कर्मचारियों और शुभचिन्तकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# यात्री बसों में आमने-सामने हुई टक्कर,बाल-बाल बचे यात्री

- संवाददाता -
लखनपुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित लहपटरा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने 9 अप्रैल दिन शुक्रवार की तड़के सुबह लगभग 5ञ00 बजे यात्री बसों में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर होने उपरांत यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। 2 यात्री बसों के धीमी गति होने के कारण एक बड़ा हादसा टला वही यात्री बाल-बाल बचे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 की टीम बस संचालकों के द्वारा यात्रियों को उनके गंतव्य तक वाहन व्यवस्था के माध्यम से पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिलासपुर से अंबिकापुर आ रहे अंबिका बस अंबिकापुर से बिलासपुर जा रहे हैं शिव शक्ति बस इंडियन पेट्रोल पंप के सामने चालक को नींद की झपकी आने पर दोनों यात्री बसों में आमने-सामने टक्कर हो गई दोनों बसों के आमने सामने टक्कर होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। किसी प्रकार से कोई जान माल की हानि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही डायल 112 के टीम घटनास्थल पर पहुंची साथ ही बस संचालकों के द्वारा सभी यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य किया गया वही बताया जा रहा है कि यात्री बसों की धीमी गति होने से एक बड़ा हादसा टला और बस के सभी यात्री सुरक्षित है।

# शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर करने हेतु संयुक्त पुलिस टीम देर शाम निकली सड़क पर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने, मुख्य सड़को पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने, जाम की स्थिति को दूर करने दुकानों के बाहर सामान लगाकर पार्किंग को बाधित करने वाले संचालको पर सख्त कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व मे नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन एवं संयुक्त पुलिस टीम देर शाम विजीबल पुलिसिंग अंतर्गत शहर की सड़को पर पैदल गस्त



करते हुए घड़ी चौक से संगम चौक, महामाया चौक होते हुए जयस्तम्भ चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड रोड, ब्रम्ह मंदिर तिराहा की ओर कार्यवाही करते हुए संयुक्त कार्यवाही की गई। विशेष अभियान के तहत मुख्य सड़को पर चारपाहिया वाहनों की पार्किंग करने वाले वाहन चालकों सहित दूकान के बाहर स्थाई रूप से बाहर सामान लगाकर पार्किंग छेत्र मे अतिक्रमण करने वाले दुकान संचालको पर सखूती के साथ कड़ी चालानी कार्यवाही सरगुजा पुलिस एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से की गई हैं, साथ साथ यातायात के नियमो का उल्लंघन कर लापरवाही से वाहन चलाने वाले एवं बिना नंबर प्लेट, अमानक साइलेंसर का प्रयोग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री कामता सिंह दीवान, सहायक उप निरीक्षक सचित श्रीवास्तव सहित यातायात शाखा के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# भारत पॉलिसी पैरालिसिस से डिसाइसिव पॉलिसी और अर्थव्यवस्था फ्रेजाइल फाइल से टॉप 5 तक पहुंची

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के शानदार 9 वर्ष पूरे किए हैं। ये नौ साल वास्तव में भारत के लिए युग परिवर्तनकारी रहे हैं। इस कालखंड में देश ने जिन ऊँचाइयों को छुआ है, वह निस्संदेह ऐतिहासिक हैं। बीते 9 वर्ष वास्तव में भारत के नवनिर्माण के, गरीब कल्याण के 9 वर्ष रहे हैं। आज पूरी दुनिया कह रही है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। बीते 9 सालों में भारत ने पॉलिसी पैरालिसिस से 'डिसाइसिव पॉलिसी और अर्थव्यवस्था में 'फ्रेजाइल फाइव से 'टॉप फाइव की यात्रा की है। भारत ने बीते 9 साल में एक पार्टी के 'अपना परिवार अपना विकास की नीति को दरकिनार कर 'सबका साथ, सबका विकास की कहानी लिखी है। प्रधानमंत्री ने जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है।

भारतीय जनता पार्टी इस अवसर को एक महोत्सव के रूप में मनाने जा रही है। पार्टी ने 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के मोदी के मंत्र को जन-जन तक पहुँचाने की योजना बनाई है। पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 31 मई से 30 जून तक एक महासंपर्क अभियान कार्यक्रम शुरू किया है। 31 मई को राजस्थान के अजमेर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक महारैली करके इस महासंपर्क अभियान का शुभारंभ करेंगे। अगले एक महीने में देश भर में इस तरह की 51 महारैली आयोजित की जायेगी। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि के दिन आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल रैली के माध्यम से 10 लाख बूथों पर समर्थकों, समाज में काम करने वाले लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद एवं संपर्क करेंगे। 30 दिनों के इस महा जनसंपर्क के अंतर्गत पूरे देश भर में 500 से अधिक सभाएं और 600 से अधिक प्रेस वार्ता आयोजित होंगे। इस दौरान 500 से अधिक लोकसभा और 4,000 से अधिक विधानसभों में 5 लाख से अधिक विशिष्ट परिवारों और हर लोक सभा में 1,000 विशिष्ट परिवारों से संपर्क साधा जाएगा।

भाजपा ने 543 लोक सभाओं को 144 क्लस्टरों में बांटा है। हर क्लस्टर में तीन से चार लोक सभा को शामिल किया




गया है। हर क्लस्टर में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता 8 दिन गुजारेंगे। पार्टी नेताओं और एवं कार्यकर्ताओं की दो टोलियां बनाई गई है। केंद्रीय मंत्रियों एवं पार्टी पदाधिकारियों जैसे 288 बड़े नेता इस टोली में रहेंगे। ये 288 नेता हर विधानसभा में एक हजार मुख्य परिवारों से मिलेंगे, उन्हें श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों की बुकलेट देंगे और उनसे समर्थन भी मांगेंगे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, आदिवासी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम लखन पैकरा, बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुणा सिंह , आदिवासी मोर्चा जिलाध्यक्ष धन राम नागेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### इस महा अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में इतने कार्यक्रम होंगे :

30 मई से 30 जून के मध्य संपर्क से समर्थन का कार्यक्रम जिसके अंतर्गत प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में विशिष्ट परिवारों से संपर्क किया जायेगा जिसमें शहीद परिवार, 1. प्रमुख खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति तथा समाज में प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क होगा। छत्तीसगढ़ में इस सभी अभियान के प्रभारी श्री सौरभ सिंह, विधायक तथा श्री जगदीश रोहरा हैं। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक आमसभा सम्पन्न होगी जिसमें लोकसभा के पार्टी के प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश स्तर पर प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री राजेश मूणत जी होगें। प्रत्येक लोकसभा में मीडिया संवाद एवं प्रेस वार्ता के प्रभारी अमित चिमनानी होंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में प्रबुद्ध सम्मेलन होगा। प्रभारी श्री संजय श्रीवास्तव और श्री अमरजीत छाबड़ा होगें। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर मीट होगी जिसके प्रभारी श्री प्रशांत सिंह ठाकुर होंगे। प्रत्येक लोकसभा में व्यापारी सम्मेलन होगा प्रभारी पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी जी तथा श्री लाभचंद बाफना जी होगें। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्रों में विकास तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय नेताओं को भाजपा सरकार में हुए प्रमुख विकास कार्यो को दिखाने ले जाया जावेगा इस कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव तथा श्री किशोर राय जी होगें।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन व परिचर्चा वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में होना है इसके प्रभारी किरण देव व श्री अंबिकेश केसरी जी होगें। प्रत्येक विधानसभा में सभी मोर्चो का संयुक्त सम्मेलन आयोजित होगा (भारतीय जनता पार्टी द्वारा गठित सभी 7 मोर्चा) इसके प्रभारी प्रदेश महामंत्री श्री केदार कश्यप एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा होंगीं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रो में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होगा इसके प्रभारी प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी और नंदलाल मुडामी जी होंगे।

प्रत्येक विधानसभा में 21 जून को विश्व योग दिवस का कार्यक्रम होगा इसके प्रभारी संजय अग्रवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया होंगीं। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश के 10 लाख मतदान केंद्रों के कार्यकर्ताओं को वर्चुवल रूप से संबोधित करेंगे। इनके प्रभारी विजय शर्मा तथा अमरजीत छाबड़ा जी होंगें। घर-घर संपर्क अभियान पार्टी द्वारा 20 से 30 जून के मध्य पूरे देश के प्रत्येक मतदान केंद्रो में घर-घर संपर्क अभियान चलाया जावेगा । इसके प्रभारी विजय शर्मा एवं अमरजीत छाबड़ा होंगे।

पार्टी ने नौ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर एक वेबसाइट 9 इयर्स ऑफसेवा. बीजेपी.ओआरजी भी लॉन्च की है। भाजपा ने जन संपर्क एवं जनता से समर्थन के लिए एक मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 भी लॉन्च किया है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का मंत्र जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा के यही समय है, सही समय है और रुके नहीं, आगे बढ़े के संदेश को लोगों तक पहुंचाया जाएगा।



# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने वन वे का होगा ट्रायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

यातायात व्यवस्था को लेकर 9 जून को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में उनके चेंबर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज,सरगुजा इकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारी भाइयों की मीटिंग हुई। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के समाधान बाबत संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों से अपने दुकान का सामान दुकान के बाहर न निकालने की हिदायत दी गई एवं इसके उल्लंघन की स्थिति में सतत् कार्यवाही की बात की गई। इसके साथक्ष्साथ शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने हेतु आगामी 12 जून 2023 से शहर में चार चक्का वाहनों हेतु वन वे लागू होगा। जिसका नक्शा जारी कर दिया गया हैं।

# आतंक रोधी अदालत ने इमरान समर्थक 13 महिलाओं को जेल भेजा,जिन्ना हाउस पर हमले का मामला

**इस्लामाबाद,09 जून 2023।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने जिन्ना हाउस पर हमले से जुड़े एक मामले में फैशन डिजाइनर खदीजा शाह समेत 13 पीटीआई समर्थक महिलाओं के लिए पुलिस हिरासत के अनुरोध को खारिज कर दिया और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

देश के एक प्रमुख समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से जुड़ी महिलाओं को जब उनकी छह दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत के सामने पेश किया गया तो जांच अधिकारी (आईओ) ने कहा कि जिन्ना हाउस पर नौ मई को हुए हमले के दौरान इस्तेमाल किए गए क्लब और पेट्रोल बम बरामद करने के लिए संदिग्धों के लिए और हिरासत की जरूरत है।

इन महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

न्यायाधीश अबेर गुल खान ने कहा कि जांच अधिकारी ने संदिग्धों की रिमांड के लिए पिछले आवेदन में पेट्रोल बमों की बरामदगी का जिक्र नहीं किया था और आगे की शारीरिक हिरासत के पुलिस के अनुरोध को खारिज कर दिया। इसके बाद खदीजा शाह, सनम जावेद और तैय्यबा राजा के अलावा संसद की पूर्व सदस्य आलिया हमजा, मरियम मजारी, साबुही इनाम, हुमा सईद, आयशा मसूद, महा मसूद और खदीजा नदीम सहित महिलाओं को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



### अल-कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

अल-कादिर ट्रस्ट मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से पूर्व प्रधानमंत्री खान को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें कम से कम दस लोग मारे गए थे और एक हजार से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

### 20 से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुआ था हमला

प्रदर्शनकारियों ने 9 मई को लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और आईएसआई की इमारत समेत 20 से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी इमारतों पर हमला किया था। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पूरे पाकिस्तान से खान की पार्टी के 10,000 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 4,000 पंजाब प्रांत से हैं।

### मेरे कोर्ट मार्शल के लिए स्टेज तैयार हो गयाः इमरान खान

उधर, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनके कोर्ट मार्शल के लिए स्टेज तैयार हो गया है। खान की यह टिप्पणी तब आई है जब एक दिन पहले गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने उन पर नौ मई को हुई हिंसा का मास्टरमाइंड और साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है।

### दस मामलों में उच्च न्यायालय में पेश हुए पीटीआई प्रमुख

खान, गुरुवार को दो मौजूदा याचिकाओं और आठ नई जमानत याचिकाओं सहित 10 अलग-अलग मामलों के सिलसिले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के समक्ष पेश हुए। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि उनके खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा।

### फर्जी मामलों में मेरी दोषसिद्धि की कोई संभावना नहीं...

उन्होंने सैन्य अदालत में एक नागरिक के मुकदमे को लोकतंत्र का अंत और पाकिस्तान में न्याय का अंत करार दिया। %डॉन% अखबार ने उनके हवाले से कहा कि सैन्य अदालत में मुकदमा गैरकानूनी होगा। खान ने कहा, वे जानते थे कि मेरे खिलाफ दर्ज 150 से अधिक मामले निराधार हैं और इन फर्जी मामलों में मेरी दोषसिद्धि की कोई संभावना नहीं है, इसलिए उन्होंने सैन्य अदालत में मेरा मुकदमा चलाने का फैसला किया है।

# अमेरिका में फिलहाल काबू में महामारी,डॉ.आशीष छोड़ेंगे कोविड-19 प्रतिक्रिया समन्वयक का पद

**वाशिंगटन,09 जून 2023।** भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर आशीष झा कोविड रिस्पॉन्स कॉर्डिनेटर यानी कोविड 19 प्रतिक्रिया समन्वयक का पद संभाल रहे हैं। अब खबर आई है कि वह जल्द ही अपने पद को छोड़ देंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि झा जून के अंत तक अमेरिकी प्रशासन को छोड़ेंगे।



### वापस अपने काम पर लौटेंगे

52 वर्षीय झा को पिछले साल अप्रैल में व्हाइट हाउस के कोविड-19 प्रतिक्रिया समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया था। अब वह फिर से ब्राउन विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के डीन के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

### बाइडन ने की तारीफ

डॉक्टर आशीष ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना की स्थिति नियंत्रण में हैं। इसलिए, महामारी के घटते मामले को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने झा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अग्रणी सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों में से एक के रूप में झा ने प्रभावी रूप से जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का अनुवाद और संचार किया है। इसकी वजह से लाखों जान बचाई जा सकीं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने पदभार ग्रहण किया, तो देश महामारी का सामना कर रहा था। इस मौके पर बाइडन ने अपने सभी कर्मचारियों का कोरोना महामारी को हराने में साथ देने के लिए धन्यवाद किया।

### एक नई दुनिया में हम

वहीं, ब्राउन विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी किया। इसमें बताया गया है कि झा 1 जुलाई को स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के डीन के रूप में कार्यभार संभाल लेंगे। झा ने कहा कि हम कोविड-19 महामारी की वजह से एक नई और बदली हुई दुनिया में हैं। हमने लोगों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों की कमजोरियों को उजागर करके उन्हें मजबूत किया।

# पेंटागन अधिकारियों को भरोसा पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा नए मानदंड करेगी स्थापित





**वाशिंगटन, 09 जून 2023।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं। इसे यात्रा से भारत और अमेरिका के लोगों को काफी उम्मीद है। गुरुवार को एक पेंटागन अधिकारी ने कहा पीएम मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में नए मानदंड स्थापित करेगी। साथ ही उम्मीद जताई कि रक्षा औद्योगिक सहयोग और भारत के स्वदेशी सैन्य अड्डे को बढ़ावा देने के लिए बड़ी घोषणाएं हो सकती है।

गौरतलब है, प्रधानमंत्री मोदी इस महीने राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर जाएंगे। 21 जून से शुरू होने वाली अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला 22 जून को मोदी के राजकीय रात्रि भोज की मेजबानी करेंगे। इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी अफेयर्स के रक्षा सचिव एली रैटनर ने गुरुवार को सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में एक पैनल चर्चा के दौरान पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा पर बात की। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी यहां आएंगे, तो यह दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए नए मानदंड स्थापित करने वाली एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कई द्विपक्षीय मुद्दों को आगे बढ़ाने और विशेष समझौतों व प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के लिए भारत का दौरा किया था। इन समझौतों को लेकर जमीनी स्तर पर काम करने की तैयारी चल रही है। पीएम मोदी जब अमेरिका आएंगे तो इन पर अंतिम मुहर लगेगी।

रैटनर ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में नए मानदंड स्थापित करेगी और दोनों को सह-उत्पादन और सह-विकास के मुद्दों पर अभूतपूर्व तरीकों से करीब लाएगी। उन्होंने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और उनके भारतीय भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल ने जनवरी में अमेरिका और भारत के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ाने की कोशिश करने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) के लिए पहल की शुरुआत की थी। पेंटागन अधिकारी ने कहा कि इसका एक बहुत मजबूत रक्षा घटक है कि दो देश आगे बढ़ना चाह रहे हैं।

# एक और मामले में फंसे डोनाल्ड ट्रंप,गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने के मामले में चलेगा मुकदमा!

**वॉशिंगटन,09 जून 2023।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दरअसल गोपनीय दस्तावेजों से जुड़े मामले में ट्रंप के खिलाफ आरोप लगे हैं और उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ट्रंप पर आरोप है कि राष्ट्रपति रहने के दौरान ट्रंप ने सैंकड़ों गोपनीय दस्तावेजों को अपने पास रखा। साथ ही गलत बयानबाजी भी की। जांच एजेंसियों ने ट्रंप के खिलाफ सात केंद्रीय आपराधिक मामलों में आरोप तय किए हैं।

### ट्रंप ने की पुष्टि

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि उन्हें मियामी संघीय अदालत में मंगलवार को पेश होने के लिए समन मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेशनल आर्काइव ने ट्रंप के व्हाइट हाउस में रहने के दौरान उनसे और उनकी टीम से राष्ट्रपति रिकॉर्ड से जुड़े दस्तावेज लौटाने की मांग की थी। हालांकि कई महीने बाद करीब 200 गोपनीय दस्तावेज लौटाए गए। बीते दिनों एफबीआई ने अगस्त 2022 में ट्रंप के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें एफबीआई को 100 से ज्यादा गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए थे।



### ट्रंप ने खुद को बताया बेगुनाह

वहीं अपने खिलाफ नए आरोप लगने के बाद ट्रंप ने इसे लेकर नाराजगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर किए पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि %उन्होंने कभी नहीं सोचा था अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के साथ कभी ऐसी चीजें भी होंगी! जिस व्यक्ति को अभी तक के सभी राष्ट्रपतियों के मुकाबले सबसे ज्यादा वोट मिले और अभी भी मौजूदा राष्ट्रपति के मुकाबले ज्यादा लोकप्रिय है, उसके साथ ऐसा हो रहा है। मैं बेगुनाह हूं।%

ट्रंप ने कहा कि %यह अमेरिका के इतिहास का काला दिन है। एक देश के तौर पर हमारा तेजी से ह्रास हो रहा है लेकिन साथ मिलकर हम फिर से अमेरिका को महान बनाएंगे%। डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में भी दावेदार हैं। हालांकि बीते दिनों उन्हें यौन शोषण के एक मामले में जुर्माना लगाया गया था। अब गोपनीय दस्तावेज से जुड़े मामले में भी वह फंसते नजर आ रहे हैं। इससे ट्रंप के 2024 के अभियान को झटका लग सकता है।

# यूक्रेन के दक्षिणी शहर में आयी बाढ़ से नौ लोगों की मौत

**कीव,09 जून, 2023।** यूक्रेन के दक्षिणी ओलेश्की शहर में कखोवका बांध टूटने से आई बाढ़ से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है।

शहर के मेयर येवेन रिशचुक ने बताया है कि अब तक नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग बाढ़ के कारण घरों की छतों पर फंसे हुए हैं और बचाव का इंतजार कर रहे हैं। कखोव्का पनबिजली संयंत्र बांध को तड़के नष्ट कर दिया गया। यूक्रेन और रूस ने बांध पर हमले को लेकर एक दूसरे पर आरोप लगाये हैं। रिपोर्ट के अनुसार कखोव्का हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर संयंत्र से करीब 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित ओलेस्की पर फिलहाल रूसी सेना का नियंत्रण है।

# इसी तरह गिरता रहा टका तो डूब जाएगी बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था!

**ढाका,09 जून 2023।** बांग्लादेश की मुद्रा की कीमत में लगातार हो रही गिरावट से देश की वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा हो गया है। यह बात खुद वित्त मंत्रालय के एक दस्तावेज में कही गई है। साल 2023-24 से 2025-26 के लिए सरकार की वित्तीय नीति संबंधी इस दस्तावेज में कई ऐसे पहलुओं का जिक्र है, जिनको लेकर आगाह किया गया है।

बांग्लादेश में जो वित्तीय समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, उनमें एक बिजली सब्सिडी से जुड़ी है। सरकारी वक्तव्य में चेतावनी दी गई है कि अगर अमेरिकी डॉलर एक टका और महंगा हुआ, तो बिजली पर सरकार का सब्सिडी खर्च 474 करोड़ टका बढ़ जाएगा। अगर टका के मूल्य में इस वित्त वर्ष में दस फीसदी और गिरावट आई, तो सरकारी पर मौजूद ऋण में 3,800 करोड़ टका की बढ़ोतरी हो जाएगी।

अन्य देशों की तरह बांग्लादेश ने भी ज्यादातर ऋण डॉलर में ले रखे हैं। इसलिए डॉलर के महंगा होने के साथ बिना नया कर्ज लिए भी विभिन्न देशों पर कर्ज का बोझ बढ़ता चला गया है। अब यह समस्या बांग्लादेश में भी गंभीर रूप ले रही है। डॉलर के मुकाबले टका के सस्ता होने से सब्सिडी खर्च, ऋण भुगतान और परियोजनाओं पर अमल की लागत में भारी बढ़ोतरी होने का अंदेशा है।



टका के मूल्य में हाल में आई तेज गिरावट के कारण बांग्लादेश के लिए आयात करना महंगा हो गया है। इसके अलावा पहले लिए गए ऋण (मूल धन और ब्याज) को चुकाने पर उसे अधिक रकम खर्च करनी पड़ रही है। यही हाल देश में चल रही विकास परियोजनाओं का भी है।

सरकारी वक्तव्य में कहा गया है- 'मुद्रा अवमूल्यन से सरकारी परियोजनाओं पर सरकारी खर्च में भारी इजाफा हो सकता है। सरकारी परियोजनाओं की आयात पर भारी निर्भरता है। इसलिए डॉलर महंगा होने से परियोजनाओं की लागत बढ़ सकती है, जिससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।'

वक्तव्य में बताया गया है कि मुद्रा अवमूल्यन का असर सरकार के राजस्व और खर्च दोनों पर पड़ेगा। इससे प्रति व्यक्ति आय भी प्रभावित हो सकती है। अगर टका का सस्ता होना जारी रहा, तो सरकार के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में सकल राष्ट्रीय आय में वृद्धि का तय लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा।

बांग्लादेश में 2022-23 में खाद्य, ऊर्जा और बिजली सब्सिडी के लिए 40,265 करोड़ टका का बजट रखा गया था। लेकिन मुद्रा अवमूल्यन के कारण इन मदों में सरकार को असल में 50,926 करोड़ टका खर्च करने पड़े। अब अगले वित्त में इन मदों में 66,762 करोड़ टका खर्च होने का अनुमान वित्त मंत्रालय ने लगाया है बांग्लादेश जैसी छोटी अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए यह बहुत बड़ा बोझ है।

देश का सेंट्रल बैंक- बांग्लादेश बैंक मौजूदा वित्त वर्ष में 16 बार डॉलर का बिक्री मूल्य बढ़ा चुका है। उसने बीते एक जून को टका का अब तक सबसे बड़ा अवमूल्यन किया। बीते एक साल में डॉलर की तुलना में टका के भाव में 22.61 फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में अपराधी बेखौफ,शिक्षण संस्थानों में बच्चे हो रहे ड्रग्स के आदी

**नई दिल्ली,09 जून 2023।** पाकिस्तान के कराची में पिछले पांच महीनों में 61 लोगों की मौत गोलीबारी और अन्य सड़क अपराधों (स्ट्रीट क्राइम) की वजह से हुई है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार मई महीने के दौरान कराची में स्ट्रीट क्राइम के 7843 मामले दर्ज किए गए।

दो दिन पहले गुलशन इकबाल में कामरान चौरंगी के पास कुछ साइकिल सवार लुटेरों ने एक यूनिवर्सिटी वाहन को रोककर उसमें बैठे छात्रों और टीचरों को लूटकर फरार हो गए।

### कराची की बिगड़ती कानून व्यवस्था है चिंता का विषय

कराची में बिगड़ती कानून व्यवस्था सिंध सरकार और पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। प्रांत में स्ट्रीट क्राइम तेजी से बढ़ रहा है, जिस वजह से लोग दहशत में जीने लगे हैं। चोर लुटेरे बिना डरे अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।



पाकिस्तान की वर्नाक्युलर मीडिया का मानना है कि सिंध के अधिकारियों को कराची में अराजकता रोकने के लिए इसपर जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है, जिससे की कराची के लोग चैन से जी सके।

### आर्थिक तंगी के बीच बढ़ने लगा अपराध

मीडिया के हवाले से बताया जा रहा है कि पाकिस्तान फिलहाल आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, जिस वजह से देश में अपराध तेजी से बढ़ने लगा है। आर्थिक तंगी के कारण देश के नागरिक रोजमर्रा की जरूरत की चीजों का इंतजाम करने में असमर्थ हैं। यहां भुखमरी तेजी से बढ़ रही है, खाने की किल्लत की वजह से लोगों में निराशा छा रहा है।

शिक्षण संस्थानों में बच्चे दुखी और निराशा की वजह से ड्रग्स के आदी हो रहे हैं। पाकिस्तान में 1200 बच्चे रोजाना सिगरेट पीने के आदी हो चुके हैं और ऐसे में हर साल एक लाख लोगों की मौत हो रही है। मौजूदा समय में पाकिस्तान अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है, जहां लोगों को खाने की किल्लत, रुपये में गिरावट और बिजली में कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

# बैंकों में जमा रकम डूबने के अंदेशे से श्रीलंका के लोगों में फैली बेचैनी

**कोलंबो,09 जून 2023।** जिस समय श्रीलंका सरकार विदेशी कर्जदाताओं से कर्ज चुकाने में रियायत पाने के लिए हाथ-पांव मार रही है, उसी समय देश के अंदर की कर्ज समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। इससे देशवासियों में बेचैनी बढ़ रही है।

खबरों के मुताबिक रानिल विक्रमसिंघे सरकार ने उम्मीद की थी कि वह देशी कर्ज के बारे में मई के अंत तक एक योजना तैयार कर लेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ज्यादातर मामलों में ये कर्ज बैंकों और अन्य संस्थागत निवेशकों ने सरकार को दिए हैं। अब बैंकों ने सरकारी योजना के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि जमाकर्ताओं में इस संकट के नतीजों को लेकर आशंकाएं गहरा गई हैं। जिन लोगों ने बैंकों में अपने पैसे जमा करा रखे हैं, वे लगातार बैंकों से संपर्क कर रहे हैं। बहुत से लोग अपना पैसा निकालने की कोशिश में हैं। जमाकर्ताओं को डर है कि उनकी जमा राशि डूब सकती है।

एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल बैंकर्स ऑफ श्रीलंका के अध्यक्ष बीएएचएस प्रीना ने कहा है कि अलग-अलग मकसद रखने वाले लोग स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। उन्होंने कहा- 'अगर मैं भी आम इंसान होता, तो इतना ही डरा हुआ होता।'

श्रीलंका ने विदेशी कर्ज के मामले में पिछले साल मई में डिफॉल्ट कर दिया था (यानी वह कर्ज चुकाने में अक्षम हो गया था)। तब देश में विदेशी मुद्रा की कमी कारण जरूरी चीजों की भारी कमी हो गई थी और महंगाई आसमान छूने लगी थी। इससे भड़के जन असंतोष के कारण तत्काली राष्ट्रपति गोतबया राजपक्षे को देश छोड़ कर भागना पड़ा था।




मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार ने आर्थिक हालत सुधारने की कोशिश में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की कड़ी शर्तों को स्वीकार किया है। इससे आईएमएफ से नया कर्ज प्राप्त हुआ है। आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक अब श्रीलंका सरकार अपने विदेशी कर्जदाताओं से रियायत पाने की बातचीत चला रही है। इस बीच घरेलू कर्ज के मामले ने एक बड़ी समस्या का रूप ग्रहण कर लिया है।

कोलंबो स्थित थिंक टैंक एडवोकेटा इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष मुर्तजा जेफरजी के मुताबिक घरेलू कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग दो वजहों से जरूरी है। उन्होंने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'पहला तो कर्ज को चुकाने योग्य सीमा में रखने के लिए यह आवश्यक है। दूसरी वजह कर्जदाताओं से समानता के व्यवहार के लिए यह जरूरी है। कर्ज रियायत देने वाले विदेशी कर्जदाता चाहेंगे कि घरेलू कर्ज के मामले में भी सरकार वैसी ही नीति अपनाए।'

घरेलू कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग का अर्थ यह है कि सरकार ने बैंकों और निवेशक संस्थानों से जो कर्ज ले रखा है, उसका एक हिस्सा ये संस्थान माफ करें और कर्ज चुकाने की समयसीमा में भी छूट दें। इससे आम जन में अंदेशा पैदा हुआ है कि बैंक सरकारी कर्ज में रियायत उनकी जमा राशि की कीमत पर देंगे।

जानकारों के मुताबिक श्रीलंका सरकार पर जितना कर्ज है, उनमें घरेलू कर्ज का हिस्सा 55 फीसदी है। इनमें से ज्यादातर रकम ट्रेजरी बिल और बॉन्ड्स बेच कर सरकार ने हासिल की है। सरकार ने बॉन्ड्स के जरिए 30.9 बिलियन डॉलर और ट्रेजरी बिल के जरिए पांच बिलियन डॉलर का कर्ज ले रखा है। इन कर्जों को अगले 12 महीनों से लेकर 30 तक की अवधि में उसे चुकाना है।

CMYK

# गलत आदमी के साथ फस गए..अब ज्यादा दिन नहीं है..बहुत कम दिन है..

# 4 महीना बचा है..फिर आरटीआई लगाऐगा..भईयालाल के लिए दारू ढोएगा...









- रवि सिंह -
एमसीबी,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

शराब को लेकर छत्तीसगढ़ में जहां प्रमुख विपक्षी दल भाजपा सत्ताधारी दल कांग्रेस पर हमलावर है और वह बार बार घोषणा पत्र अनुरूप प्रदेश में शराब बंदी की मांग कर रही है वहीं नवीन जिले एमसिबी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहां भाजपा से बैकुंठपुर विधानसभा से दो बार विधायक और एक बार भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके भईयालाल राजवाड़े ने एक आदिवासी विधायक की तरफ इशारा करते हुई बड़ी बात कह दी है और उन्होंने यह अपने उद्बोधन के दौरान कहा है और जो कुछ उन्होंने विधायक को लेकर कहा है वह बिल्कुल भी सही नहीं कहा जा सकता और अब मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आलोचना झेल रहें हैं और उन्हे अपनी ही बात पर अब पछतावा होगा ऐसा सत्ताधारी दल का मानना है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भरतपुर में आयोजित जन आक्रोश रैली और रैली के बाद आयोजित आमसभा में क्षेत्रीय विधायक की तरफ इशारा करते हुए उनके लिए जो कुछ कहा उसे कहीं से सही नहीं कहा जा सकता और स्वस्थ राजनीति में इस तरह की बातें स्वीकार भी नहीं की जानी चाहिए. यह भी कहना गलत नहीं होगा। भरतपुर में जनपद उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता की गिरफ्तारी और जमानत मिलने के बाद उनका स्वागत और स्वागत के साथ साथ गिरफ्तारी का विरोध और आक्रोश दर्ज करने रैली और धरना आयोजित था जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री ने विधायक के लिए गलत टिप्पणी की।

- » भाजपा एक तरफ कर रही है शराबबंदी का वादा याद दिला रही...दूसरी तरफ उउन्ही के नेता कर रहे अपने लिए शराब दुलवाने की बात
- » पूर्व कैबिनेट मंत्री की एक बार फिर फिसली जबान,विधायक के लिए की गलत टिप्पणी
- » पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जिस विधायक के लिए शराब को लेकर की टिप्पणी वह विधायक खुद हैं शराब के सबसे बड़े विरोधी
- » भरतपुर में जन आक्रोश रैली के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री कर रहे थे लोगों को संबोधित, जब निकले उनके बिगड़े बोल
- » जो भाजपा शराबबंदी की बात कर रही उन्हीं के नेता हारने पर प्रत्यासी से शराब दुलवाने की बात कर रहे हैं
- » क्या वर्तमान विधायक को उन्हीं के विधानसभा में जाकर उनकी औकात याद दिला रहे थे पूर्व कैबिनेट मंत्री ?
- » पूर्व कैबिनेट मंत्री ने वर्तमान विधायक को विधायक के बनने के पूर्व की बात याद दिलाई
- » आक्रोश रैली का मिल रहा था समर्थन पर वही पर एक विवादित बयान उस पर पानी तो नहीं फेरेगा ?
- » क्या देवी देवताओं का नाम रखने से कोई भी देवी देवता बन जाएगा ?
- » भरतपुर सोनहत विधायक ने कहा पहले गिरेबान में झांक कर देखे पूर्व मंत्री

### क्या कहा पूर्व मंत्री ने विधायक के लिए ?

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने वर्तमान विधायक की तरफ इशारा करते हुए यह कहा की वह जानते हैं विधायक को और यह वही हैं जो उनके लिए कभी शराब लाया करते थे और एक जगह खाना बनाया करते थे। पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए यह भी कहा की गलत आदमी चुन लिए हैं आप लोग लेकिन अब चार महीना और बचा है और यह फिर मेरे लिए शराब लायेंगे और अब ज्यादा दिन नहीं बचा है। पूर्व मंत्री ने अपने लिए शराब लाने की बात विधायक के लिए की।

### विधायक जिनके लिए पूर्व मंत्री ने की है टिप्पणी,बेहद धार्मिक प्रवृत्ति के हैं विधायक जिनके लिए हुई टिप्पणी

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भरतपुर में जिस विधायक के लिए गलत टिप्पणी की है वह आदिवासी समुदाय से आते हैं और वह काफी सात्विक एवम धार्मिक प्रवृत्ति के हैं और वह शराब और अन्य व्यसनों से दूर रहने वाले व्यक्ति हैं। विधायक को लेकर की गई टिपण्णी की इसीलिए ज्यादा आलोचना भी हो रही है क्योंकि जो व्यक्ति साफ सुथरा व्यक्तित्व सामने लेकर चल रहा हो और जो दिख भी रहा है उसको लेकर इस तरह की व्यक्तिगत टिप्पणी बिल्कुल गलत है यह लोगों का मानना है। विधायक धर्म कर्म में काफी समय देते हैं और वह लोगों से भी सात्विक जीवन की अपील करते हैं जो उनके आज तक के जीवन परिचय से पता भी चलता है।

### जो भाजपा शराबबंदी की कर रही मांग उसी के नेता खुद के लिए शराब परोशने की कर रहे मंचो से बात

भाजपा जहां प्रदेश में संपूर्ण शराब बंदी को लेकर सरकार पर अक्रामक है और वह कांग्रेस को घोषणा पत्र का वादा जो शराब बंदी को लेकर है की याद दिला रही है वहीं उसी के नेता खुद के लिए शराब परोसने की बात कर रहें हैं और वह ऐसा एक विधायक को इंगित कर कह रहें हैं जो सोचने वाला विषय है। भाजपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री का यह बयान भाजपा के लिए भी काफी नुकसान पहुंचाने वाला हो सकता है क्योंकि मामला आदिवासी समुदाय के विधायक से जुड़ा हुआ है और एक आदिवासी समुदाय के विधायक को लेकर यह टिप्पणी भाजपा के मंच से की गई है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने विधायक को विधायक बनने के पहले की बातें याद दिलाई

पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा नेता ने विधायक भरतपुर को विधायक बनने से पूर्व की बातें याद दिलाई और यह भी कहा की वह विधायक बनने से पहले आर टी आई लगाया करते थे और अब जब वह आगे विधायक नहीं होंगे फिर आर टी आई ही लगाएंगे। वैसे भरतपुर विधायक के पुराने इतिहास पर ध्यान दिया जाए तो वह विधायक बनने से पहले लोगों की समस्याओं के लिए लड़ा करते थे और वह आर टी आई लगाकर भी सरकार और व्यवस्था की पोल खोला करते थे वह रेत मामले में भी भाजपा शासन काल के दौरान काफी सक्रिय विरोध में नजर आते थे लेकिन आज की परिस्थिति में यदि देखा जाए तो विधायक खुद रेत मामले में मौन है। रोज हजारों गाड़िया रेत भरतपुर से अन्य राज्यो को भेजा जा रहा है। भरतपुर में ही कांग्रेसी नेताओं की गुंडागर्दी चरम पर है और बड़े अपराधों कांग्रेसी नेताओं के शामिल होने का मामला समाने आ चुका है और विधायक मामले में मौन ही साधे हुए हैं। कुल मिलाकर विधायक जितना जनसरोकार विधायक बनने से पहले रखा करते थे वह अब नजर नहीं आता और कुछ सीमित लोगों से ही वह घिरे हुए हैं यह भी कहना गलत नहीं होगा।

### राजनीतिक मंच पर पूर्व कैबिनेट मंत्री का विधायक को लेकर इस तरह का बयान कितना सही

पूर्व कैबिनेट मंत्री का विधायक को लेकर दिया गया बयान राजनीतिक मंच से कितना सही है यह भी एक सवाल है। पूर्व मंत्री ने विधायक को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी की है और उन्होंने जो कुछ कहा है वह सही कहा है यह कहना भी सही नहीं कहा जा सकता । राजनीतिक मंचो की सुचिता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा यह भी एक बड़ा सवाल है। कुल मिलाकर ऐसा बयान राजनीति में सही नहीं है यह कहना गलत नहीं होगा।

### जन आक्रोश रैली को मिल रहा था समर्थन,लेकिन एक विवादित बयान से समर्थन पर कहीं पानी तो नहीं फिर जाएगा

भरतपुर जनपद उपाध्यक्ष साथ ही भाजपा नेता की गिरफ्तारी और उनकी रिहाई के बाद भाजपा की जन आक्रोश रैली को क्षेत्र में काफी समर्थन मिल रहा था। समर्थन में क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। अब एक विवादित बयान की वजह से पूरे समर्थन पर पानी न फिर जाए ऐसी आशंका भी सामने आ रही है क्योंकि ऐसे बयानों से शायद ही कोई प्रसन्न नजर आया हो। कुछ भाजपा नेताओं ने ही मामले को गलत बताया है और बयान से किनारा कर लिया है।

### जनपद उपाध्यक्ष भरतपुर दुर्गा शंकर मिश्रा को पूर्व मंत्री ने देवी और देवता बताया,क्या देवी देवताओं के नाम रखने से कोई देवी देवता हो सकता है ?

भरतपुर में आयोजित जन आक्रोश रैली जो जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा के गलत तरीके से गिरफ्तारी को लेकर आयोजित थी में पूर्व मंत्री ने उद्बोधन दिया और उनका उद्बोधन भाजपा के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। पूर्व मंत्री ने जनपद उपाध्यक्ष को देवी और देवता निरूपित करते हुए कहा की इनके नाम में दुर्गा भी है जो देवी हैं और शंकर भी है जो देवता हैं। देवी और देवता दोनों जनपद उपाध्यक्ष के नाम में शामिल हैं और उनके चक्कर में को फंसेगा वह खत्म हो जाएगा। अब सवाल यह उठता है की पूर्व मंत्री के अनुसार क्या नाम में देवी देवता का नाम शामिल होने मात्र से व्यक्ति में देवी देवताओं का वास हो जाता है। और यदि ऐसा है तो वह जरूर सभी अपना नाम देवी देवताओं के नाम पर रखने लगेंगे। कुल मिलाकर पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े का पूरा उद्बोधन ही भाजपा के लिए मुसीबतों वाला साबित हो गया और जन आक्रोश रैली में वर्तमान विधायक को ही फायदा मिलता नज़र आया।

### भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने पूर्व मंत्री के बयान की निंदा की, कहा...मानहानि का भी करेंगे मुकदमा

पूरे मामले में भरतपुर सोनहत विधायक ने भी सामने आकर बयान दिया है और उन्होंने बयान की निंदा की है। पूर्व मंत्री के बयान पर विधायक गुलाब कमरों ने मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का भी ऐलान किया है। विधायक कमरों ने कहा है की पूर्व विधायक गुलाब सिंह को भी पूर्व मंत्री ने बदनाम करने की कोशिश की है और उन्हे भी उन्होंने बदनाम किया है दोनो ही आदिवासी समुदाय से आते हैं। विधायक यहीं नहीं रुके उन्होंने यह भी कहा की पूर्व मंत्री अब कुछ भी कहने से बाज नहीं आ रहें हैं और वह पहले भी ऐसा बयान दे चुके हैं जिसमे उन्होंने महिलाओं के लिए आपत्तिजनक बयान दिया है। मामला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लेकर दिए गए बयान का हो विद्यालय की छात्राओं को लेकर दिए बयान का हो या पूर्व सरकार की संसदीय सचिव व वर्तमान सरकार की संसदीय सचिव बैकुंठपुर विधायक को लेकर दिए बयान का हो पूर्व मंत्री कुछ भी कहीं भी कहने से बाज नहीं आते और वह लगातार लोगों को अपमानित करने का ही काम करते चले आ रहें हैं और उन्हे अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए।

# पटवारी संघ की हड़ताल जायज,सरकार मांग पूरी करेःदेवेन्द्र तिवारी

- » सरकार के अड़ियल रवैये से ग्रामीणजन भी परेशान।



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिपं सदस्य देवेंद्र तिवारी ने आज पटवारी संघ के बैनर तले प्रदेशव्यापी हड़ताल का समर्थन उनके मंच पर जाकर किया। प्रेमाबाग में जिले के पटवारी अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

श्री तिवारी ने कहा जिस प्रकार मैदानी इलाकों में पटवारियों को कार्यों की जिम्मेदारी दी गयी है,उस प्रकार उनके स्तर के अन्य राज्य कर्मचारियों की तुलना में पटवारियों का वेतनमान व ग्रेड पे उचित नहीं है। पटवारी संघ ने 2400 के स्थान पर 2800 का ग्रेड पे मांगा है जो उचित है। सरकार को उनकी मांगें पूरी करना चाहिए। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक के पद पर पटवारियों की पदोन्नति की मांग भी कर्मचारी हित में है। इसलिए उनकी यह मांग भी सही है। मैदानी इलाकों में कार्य करने में सुविधा की दृष्टि से संसाधन एवं नेट भत्ता दिया जाना चाहिए। इसके अलावा और भी जो मांगें है वह सभी कर्मचारियों के हित में हैं।इसलिए सरकार इन सभी मांगों को पूर्ण करे और शीघ्र ही पटवारियों को कार्य मे आने का आह्वान करे।

### एस्मा का आदेश हठधर्मिता

श्री तिवारी ने हड़ताल को कुचलने के लिए एस्मा लगाने के निर्णय को हठधर्मिता एवं कर्मचारी विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि जितने भी कर्मचारियों को अपने जन घोषणा पत्र में इस सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, उनके साथ धोखा किया है। यह सरकार कर्मचारी और किसान विरोधी है। यह सरकार छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य बनाने पर आमादा है। सभी वर्ग को इस सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने की जरूर है।

# एसडीओपी ने ली कुसमी अनुभाग क्षेत्र के थाना एवं पुलिस चौकी के पुलिस अधिकारियों की बैठक

- संवाददाता -
कुसमी,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियो की बैठक लेकर बेहतर पुलिसिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है, पुलिस अधीक्षक के निर्देश के परिपालन में कुसमी अनुभाग के एसडीओपी रितेश चौधरी ने थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर पुलिस अधीक्षक की मंशा से अवगत अधिकारियो को कराते हुए निर्देशित किया है की सभी थाना पुलिस चौकी के अधिकारीयो एवं कर्मचारियों के कार्य की दक्षता बढ़ाने के लिए सशक्त एप को प्रचालित किया गया है इस एप को डाउनलोड करके सभी अधिकारी कर्मचारी बेहतर पुलिसिंग करे। एसपी ने एसडीओपी को कहा है की सभी थाना पुलिस चौकी में उम्दा स्तर की साफ सफाई रखते हुए फिरियादियो से सहानुभूति व्यवहार रखते हुए उनकी शिकवा शिकायतों का तत्काल निराकरण करे। वही एसडीओपी ने बैठक में सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बिट प्राणली को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को पुलिस अधिकारियो द्वारा संचालित मीडिया ग्रुप मे जोड़ने के लिए एवं महिला सशक्ति करण महिला सुरक्षा को शक्ति प्रदान करने के लिए हर गांव में हमर मान हमर बेटी एवं अभिव्यक्ति कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिया है,विगत वर्षो की तुलना में कुसमी अनुभाग



क्षेत्र में लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक करवाही कम होने से थाना एवं चौकी प्रभारियों को फटकार लगाते हुए एक हफ्ते की भीतर लक्ष्य अनुरूप अभियान चलाकर कार्यवाही करने का आदेश दिया,सभी विवेचको को तीन माह से अधिक लंबित अपराध मर्ग चलान शिकायत को पंद्रह दिन के भीतर निराकरण करने को कहा अन्यथा विवेचकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।सभी थाना एवं चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथों का मुआयना एवं समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया, एसडीओपी द्वारा आयोजित बैठक में कुसमी थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा,राजपुर थाना प्रभारी अमित गुप्ता,शंकरगढ़ थाना प्रभारी कृष्णा पाटले,कोरन्धा थाना प्रभारी दुवेद्र टेकाम, बरियों चौकी से कृपा निधान पांडेय शामिल रहे।

# लोकप्रियता ऐसी की बधाई देने के लिए भी करना पड़ा लोगों को इंतजार,लंबी लाइनों में बधाई देने खड़े दिखे लोग

**पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर के शादी की सालगिरह के अवसर पर देखने को मिला ऐसा नजारा**

- » हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर दी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व उनकी धर्मपत्नी को बधाई
- » बैकुंठपुर निवासी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने पूरे बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से लोगों को किया था आमंत्रित
- » पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल भी विधानसभा चुनाव में कर सकते हैं कांग्रेस पार्टी से दावेदारी...सूत्र
- » बैकुंठपुर विधानसभा में सबसे भीड़ वाली पार्टी मानी जा रही है पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष की पार्टी
- » इस पार्टी में स्थानीय विधायक का ना दिखना भी रहा चर्चा का विषय







- रवि सिंह -
कोरिया बैकुण्ठपुर,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव से पूर्व क्या अपनी लोकप्रियता दिखाना चाहते थे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिसके लिए उन्होंने अपने शादी के 25 में सालगिरह का दिन चुना और दिखा दी लोकप्रियता? हम बात कर रहे हैं बैकुंठपुर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल की इन्होंने अपने शादी के 25 वें साल की सालगिरह पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, इस कार्यक्रम में अपने विधानसभा से लेकर पड़ोसी विधानसभा के लोगों को भी आमंत्रण दिया और लोग उनके आमंत्रण को स्वीकार कर पहुंचे भी और उनकी लोकप्रियता के साक्षी भी बन गए, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व उनकी पत्नी को बधाई देने के लिए लोगों को लाइन तक लगाना पड़ा और इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भीड़ कितनी थी अशोक जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी तक उपहार के साथ पहुंचने में एक व्यक्ति को 20 से 25 मिनट का टाइम लग रहा था कुछ ऐसी ही स्थिति कार्यक्रम स्थल की थी जहां पर भीड़ में पैर रखने की जगह नहीं थी ऐसा माना जा रहा है कि यह भीड़ तकरीबन 5 से 10 हजार की रही होगी। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में हर वर्ग के लोगों की उपस्थिति देखी गई वहीं राजनीतिक दलों में से भी सभी दलों के लोगों को उन्होंने आमंत्रित किया था और सभी पहुंचे भी जो देखा गया।

### स्थानीय विधायक का कार्यक्रम में उपस्थित ना होना रहा चर्चा का विषय

बैकुंठपुर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल की शादी के 25 वें वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति भी चर्चा की विषय रही। स्थानीय विधायक बताया जा रहा है वर्तमान में क्षेत्र में नहीं हैं और इसीलिए वह उपस्थित नहीं हो पाई हैं। वैसे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और उनके द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में अधिकांश कांग्रेसी नजर आए जो देखने को मिला।

### जिलाध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी व संगठन के कई पदाधिकारी रहे उपस्थित

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित नजर आए। कांग्रेस पार्टी के जिला स्तर के सभी नेताओं ने कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यक्रम में देर तक रुककर उन्होंने लोगों से भी मेल मुलाकात की। कांग्रेस पार्टी के बड़े से लेकर हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था और सभी ने आमंत्रण स्वीकार कर कार्यक्रम में शिरकत भी की ।

### अब इस भव्य कार्यक्रम को होने वाले विधानसभा से भी जोड़कर देखा जा रहा है

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रम की भव्यता व विशालता देखकर कार्यक्रम को आने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है और माना जा रहा है की पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आने वाले विधानसभा चुनाव में बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से ताल ठोक सकते हैं। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष का यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव की तैयारी है और वह पूरी तरह से तैयार हैं चुनाव को लेकर और वह टिकट के कांग्रेस पार्टी से प्रबल दावेदार हैं यह कार्यक्रम इस बात की भी पुष्टि करता नजर आया जहां लोगों का बड़ा हुजूम उनके आमंत्रण पर कार्यक्रम में उपस्थित नजर आया।

### पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार घोषित होने पर पार्टी को दिला सकते हैं जीत की सौगात

बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से आने वाले विधानसभा चुनाव में वैसे तो कई उम्मीदवार समाने नजर आ रहें हैं और कई पार्टी को जीत भी दिला सकते हैं वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल भी उन्ही में से एक उम्मीदवार हो सकते हैं जो टिकट मिलने पर पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं और वह पार्टी को जीत दिला सकते हैं। हर समीकरण में फिट नजर आने वाले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष को टिकट मिलने पर चुनाव में पार्टी आसानी से जीत दर्ज कर सकती है यह उनकी लोकप्रियता के हिसाब से कहा जा सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्र में भी हैं अशोक जायसवाल काफी लोकप्रिय

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल शहरी क्षेत्र में ही लोकप्रिय नहीं हैं वह ग्रामीण क्षेत्र में भी काफी लोकप्रिय हैं। ग्रामीण परिवेश से ही आने वाले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष का संपर्क ग्राम क्षेत्रों में भी जबरदस्त है यह देखा जाता रहा है। कुल मिलाकर वह शहरी और ग्रामीण मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो सकते हैं यह माना जाता है जो कांग्रेस पार्टी के लिए उन्हे उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी के लिए फायदेमंद हो सकता है।

# मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम एक सुनियोजित कार्यक्रमःसरोज पांडेय

- संवाददाता -
कोरबा,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विशेष जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून के बीच चलाया जा रहा । इसी के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सयुंक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस के तहत कटघोरा विधानसभा में ग्राम पंचायत धवईपुर में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज पांडेय, पूर्व गृहमंत्री व रामपुर विधायक ननकी राम कंवर, जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह,पूर्व राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे,कटघोरा के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव लखनलाल देवांगन व कोरबा के पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा ,गोपाल साहू,दिनेश सिंह,जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, श्याम लाल मरावी, तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोरबा के जिलाध्यक्ष व जनपद सदस्य राम प्रसाद कोराम जिला महामंत्री संतोष देवांगन,प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के कटघोरा विधानसभा में हुए भाजपा के विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरोज पांडेय ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि, मोदी सरकार के नौ साल गरीब कल्याण को समर्पित हैं। उन्होंने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाईं और उस तक पहुंचाई। सरोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार आज तक के भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है। मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार गरीब, शोषित, वंछित, दलित, पीड़ित, पिछड़ा वर्ग एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है।




सुश्री पांडेय ने कहा की आधुनिक भारत के विकास के स्वर्णिम पल का इतिहास रचा जा रहा है।उन्होंने कहा कि, आज भारत तेजी से मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशो को पछाड़ कर आगे बढ़ रहा है। मोदी जी एक मात्र ऐसे नेता है जो भारत के गरीब एवं वंछित जनता की पीड़ा को परिवार के सदस्य के तरह महसूस करते हैं। केंद्र सरकार की योजनाये गरीब कल्याण को समर्पित है। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को जमकर निशाने पर लिया और कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश में भेंट मुलाकात कार्यक्रम एक सुनियोजित कार्यक्रम है। भूपेश बघेल लोगों के बीच पहुंच कर अपना दबदबा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आम जनता के बीच जाते है और सुनियोजित लोगों से ही योजना के विषय पर जानकारी लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक बच्चे द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से किसी विषय पर जानकारी मांगी गई तो वे भड़क कर कहने लगे कि तुम्हारे माता पिता भी कभी मुख्यमंत्री से बात करने की हिम्मत की है। इस पर सिक्योरिटी व पुलिस बच्चे के हांथो से माइक छीन लेते है और बच्चे को बाहर जाने के लिए कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार में केवल भ्रष्टाचार है। इस दौरान उन्होंने शराब घोटाले पर कांग्रेस सरकार तंज कसते हुए कहा के छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार शराब बंदी को लेकर गंगाजल की कसम खाई थी लेकिन छत्तीसगढ़ में दो हज़ार नही बल्कि दस हज़ार करोड़ का शराब घोटाला हुआ है। भूपेश सरकार में कोरोना काल मे दवा बाद में मिलती थी लेकिन शराब ऑनलाइन बेची जा रही थी जो तत्काल उपलब्ध होती थी। कांग्रेस सरकार ने शराब घटाले के साथ साथ गौठान को लेकर भी बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना है इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर में जमकर मेहनत करना होगा।



## जिले में शिविर के माध्यम से किया जा रहा पशुओं का टीकाकरण

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं एनजीजीबी नोडल अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र सिंह के देखरेख में जिले में संचालित 360 गोठानों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें पशुओं के संक्रामक बिमारियों मुख्यतः एच.एस. बी.क्यू. बिमारियों से बचाव हेतु सघन टीकाकरण, बीमार पशुओं का उपचार, 01 वर्ष से कम उम्र के पशुओं को डिवर्मिंग, बाझ पशुओं का उपचार, विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कार्य सम्पादित किया जाना है। इसी कडी में जिले में 1 जून 2023 से 09 जून 2023 तक कुल 167 गोठान ग्रामों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अभी तक कुल 18417 एच.एस. बी.क्यू. संयुक्त वैक्सीन का टीकाकरण किया गया एवं 1289 पशुओं का उपचार तथा 5034 पशुओं का डिवर्मिंग तथा औषधि वितरण किया गया है। जिले में यह शिविर का अभियान पूरे जून माह तक चलेगा। पशुपालन विभाग जिले के सभी पशु पालको से अपील करता है कि जहां भी पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर स्थल पर अपने पशुओं को लाकर संक्रामक रोगों का टीकाकरण एवं बीमार समस्या ग्रस्त पशुओं का निःशुल्क उपचार करायें।

# जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा द्वारा जीएसटी कार्यशाला का आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा द्वारा चेम्बर भवन डी डी एम रोड में टेक्स बार एसोसिएशन कोरबा के साथ जीएसटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्टेट जीएसटी कोरबा से डिप्टी कमिश्नर श्रीमती श्वेता यादव , असिस्टेंट कमिश्नर सर्किल-1 संदीप साय एवं असिस्टेंट कमिश्नर सर्किल-2 मनहरण लाल निर्मलकर के साथ जिला चेम्बर ऑफ कामर्स कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए आशीष खेतान, जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के कोषाध्यक्ष ओमी रमानी एवं टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव अंकित अग्रवाल मंच पर आसीन थे। स्वागत उद्बोधन में योगेश जैन ने कहा कि जब से बोगस रजिस्ट्रेशन के सर्वे की बात आयी है, ऐसा लगने लगा था कि इंस्पेक्टर राज की वापसी हो गई है, शुरू शुरू में बहुत पेनिक स्थिति लग रही थी, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। आज इस कार्यशाला के माध्यम से व्यापारियों के मन में कोई भी सवाल होगा तो स्टेट जीएसटी के सारे वरिष्ठ अधिकारी यहां उपस्थित हैं, उनकी शंका का निराकरण त्वरित हो जायेगा। तत्पश्चात टेक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए आशीष खेतान ने कहा कि हम तो व्यापारी और अधिकारियों के बीच की कड़ी है।अधिकांश केस में तो व्यापारी, अधिकारियों से रुबरु भी नहीं होते हैं। आईटीसी को अस्वीकृत करने के संदर्भ में सीए खेतान ने कहा कि इसमें व्यापारी की क्या ग़लती। जीएसटी बिल में खरीदी के पश्चात व्यापारी का आईटीसी अस्वीकृत करना उचित नहीं है। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती श्वेता यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि कोई भी व्यापारी भयभीत न हो। अभी जो ड्राइव हो रही है उसमें सिर्फ और सिर्फ बोगस रजिस्ट्रेशन वालों को ही टारगेट किया जा रहा है। इस सर्वे के लिए हमारे अधिकारी खरीदी एवं बिक्री के दस्तावेज भी नहीं मांगेंगे। हम आपकी सारी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर तैयार है। असिस्टेंट कमिश्नर संदीप साय ने कहा कि आप और हम देश की प्रगति के लिए सहयोगी की भूमिका में हैं। पिछले माह भी 160000 लाख रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। कोरबा में बहुत कम ही व्यापारी बोगस रजिस्ट्रेशन वालें होंगे।




संदीप साय ने कहा कि आपको भी ऐसा लगता है कि अमुक व्यापारी संदेहास्पद लग रहा है तो कृपया हमें बताएं, ताकि हम उसकी जांच कर गलत पाये जाने पर उसका जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द कर सकें। आईटीसी अस्वीकृत होने से रोकने के लिए उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से आप जीएसटी नंबर को चेक कर सकते हैं, एप में सामने वाली पार्टी का जीएसटी नंबर डालते ही उसकी संपूर्ण जानकारी एप में दिख जाती है, इससे आपका आईटीसी अस्वीकृत होने का मामला ही खत्म हो जाएगा। असिस्टेंट कमिश्नर मनहरण लाल निर्मलकर ने बाद में पूरे विस्तार से जीएसटी के बारे में बताया। उन्होंने व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की। मनहरण लाल निर्मलकर ने बताया कि बोगस रजिस्ट्रेशन के सर्वे में अभी तक 5-6 बोगस रजिस्ट्रेशन के मामले आये हैं। व्यापारियों से अपना फर्म का नाम, जीएसटी नंबर और पता को बाहर साइन बोर्ड में लिखने के लिए कहा। रजिस्ट्रेशन के दौरान जो पेपर ऑनलाइन सबमिट किये गये, जैसे आधार कार्ड, किरायेदार का इकरारनामा या प्रॉपर्टी टैक्स के पेपर अथवा रजिस्ट्री के पेपर को, एक फाइल में लगाकर दुकान में ही रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सभी दुकानदारों तक जाना तो हमारे लिए संभव नहीं है, अमूमन रोज रात 8 बजे तक तो हम आफिस से निकल पाते हैं। संभावित और गिने चुने व्यापारियों के पास ही हम सर्वे के लिए पहुंच सकते हैं। यूं तो 50000 रुपये तक पेनाल्टी का प्रावधान है लेकिन हम एक भी पेनल्टी नहीं लगाएंगे, लेकिन व्यापारी से भी सहयोग की अपेक्षा रहती है। इस सर्वे के पश्चात् आईटीसी अस्वीकृत करने के मामले लगभग नहीं के बराबर आयेंगे ऐसे विचार अधिकारियों ने व्यक्त किये। अधिकारियों के उद्बोधन के पश्चात सवाल जवाब का राउंड हुआ, जिसमें अशोक चावलानी, राजकुमार मोदी, नरेन्द्र अग्रवाल, सुनील सिंघानिया, नरेश अग्रवाल, परविंदर सिंह, राजेश अग्रवाल के सवालों का संतोषजनक जवाब सभी अधिकारियों ने दिया। अधिकारियों एवं मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत मुरलीधर माखीजा, अशोक चावलानी, सीए राजेंद्र अग्रवाल, एड. एस के अग्रवाल, एड. कैलाश अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, हरीराम गुप्ता, आर पी तिवारी, अमीन पारेख ने किया। संचालन पूर्व सचिव युनुस मेमन और आभार जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के कोषाध्यक्ष ओमी रमानी ने किया। बाद में चर्चा करते हुए डिप्टी कमिश्नर श्रीमती श्वेता यादव ने कहा कि हम हर दो महीने में जनसुनवाई का आयोजन हमारे आफिस में करेंगे जिसमें व्यापारियों की समस्याओं का तुरंत निदान का प्रयास करेंगे।अंत भी जीएसटी के अधिकारियों को मोमेंटो दिया गया। अंत में व्यापारियों के सवालों का भी जवाब अधिकारियों द्वारा दिया गया।

# आर्थिक बोझ तले दबे दुर्गा को राज्य शासन की योजनाओं ने दी एक नई राह

- संवाददाता -
कोरबा,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

बात करे कुछ माह पहले की तो गरीबी में जीवनयापन करने वाली गांव कुकरीचोली की दुर्गा कंवर ने किसी तरह हायर सेकेण्डरी की परीक्षा तो पास कर ली थी, पर उन्हें अपने घर में आर्थिक सहयोग के लिए आगे की पढ़ाई छोड़ मजदूरी की राह में जाना पड़ा। दुर्गा का सपना था कि वह फैंशन डिजाइन का कुछ काम करें कपड़ों की सिलाई करें और कुछ पैसे भी कमा सकें, लेकिन उनका यह सपना अधूरा ही था। चूंकि पिताजी खेतों में मजदूरी करते हैं, ऐसे में उनकी भी मजबूरी थी कि वह घर में कुछ सहयोग करें। दुर्गा ने भी मजदूरी की। खेतों में काम किया। गड्ढे खोदे और कई निर्माण कार्यों में सिर पर सामानों का बोझ भी ढोया। दुर्गा की जिंदगी ऐसे ही आर्थिक बोझ तले बीत रही थी कि एक दिन उन्हें छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारंभ होने की जानकारी मिली। पहले से ही बारहवीं पास दुर्गा कंवर ने योजना को जानने समझने के बाद अपना आवेदन जमा किया। बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्र होने पर जब उन्हें 2500 की राशि मिली तो दुर्गा के लिए जैसे उनके सिर से एक बड़ा बोझ हल्का सा हो गया। उसने



बेरोजगारी भत्ते की राशि को अपने जरूरी खर्च के लिए जमा करने और अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए कुछ प्रशिक्षण का भी सोंचा। इसी बीच दुर्गा का चयन जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में भी हो गया। उन्होंने इस मौके को हासिल करने में जरा भी देर नहीं की। अब अपने पसंद का ट्रेड चुनने के साथ गांव की दुर्गा ने कपड़ों की सिलाई, फैंशन डिजाइन के कामों को सीखने के साथ अपने ख्वाबों को हकीकत में बदलना भी शुरू कर दिया है। कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली की दुर्गा कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारंभ करके बहुत सराहनीय कार्य किया है। मैं बारहवीं तक पढ़ाई की हूं। गांव में कुछ काम नहीं मिलने से कभी किसी के खेतों में मजदूरी करती थी, कभी किसी के निर्माणाधीन घरों में काम करती थी। उसने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए आवेदन करने के बाद उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि वास्तव में खाते में पैसा आ जाएगा, लेकिन अप्रैल माह के साथ ही 2500 रूपये मिल गए। दुर्गा ने बताया कि उन्हें मई माह की राशि भी खाते में मिल गई है। इस राशि का सदुपयोग कॉपी, डिजाइन बनाने के लिए कपड़े, आवागमन में करती है। उसने बताया कि उसका चयन जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में फैशन डिजाइनिंग के लिए भी हो गया है। सिलाई का प्रशिक्षण भी ले रही है। यहां अपनी पसंद का काम सीखने पर खुशी महसूस होने के साथ बेहतर भविष्य की संभावना भी बढ़ गई है। दुर्गा का कहना है कि बेरोजगारी भत्ता योजना से जुड़ने के बाद पहले तो उन्हें आर्थिक मदद मिली, अब अपने पैरों पर खड़ा होने, आत्मनिर्भर बनने के लिए पसंदीदा प्रशिक्षण भी निःशुल्क मिल रहा है।

## केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते रहेंगे एक दिवसीय कोरबा दौरे पर



- संवाददाता -
कोरबा,09 जून 2023 (घटती-घटना)।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते अपने एक दिवसीय दौरे पर 10 जून 2023 शनिवार को कोरबा पहुंचेंगे। कुलस्ते का अम्बिकापुर से रात्रि 08 बजे प्रस्थान एवं कोरबा जिला मुख्यालय के एनटीपीसी विश्राम गृह में रात्रि 11:30 बजे आगमन होगा। वे यहां रात्रि विश्राम कर 11 जून को प्रातः 09 बजे कोरबा विश्राम गृह से जांजगीर जिले के पंतोरा में भारत माला प्रोजेक्ट के सड़क निर्माण के निरीक्षण हेतु प्रस्थान करेंगे।

# एनटीपीसी कोरबा द्वारा आयोजित की गई बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023

- संवाददाता -
कोरबा,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

एनटीपीसी कोरबा में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023 की शुरुआत 16 मई 2023 को की गई। इस अभियान के अंतर्गत आस पास के गाँवों की 38 बालिकाओं एक महीने से एनटीपीसी कोरबा परिसर में आवासीय कैंप की प्रतिभागी हैं जिसमें उन्होंने नृत्य, नाटक, संगीत, ताइक्वांडो आदि जैसी कलाओं का प्रशिक्षण ले रहे है । कोरबा के इस अभियान में 124 लड़कियों की उपस्थिति दर्ज की गई।इस अभियान का उद्देश्य वंचित वर्ग की बालिकाओं के लिए आधुनिक तकनीकों से शिक्षण दिलाना, श्रेष्ठ सुविधाओं से परिचय करवाना है जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का भरपूर अवसर प्राप्त हो। अपने माता पिता से एक महीने तक दूर रह कर बालिकाओं में आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन की भावना की बढ़ोतरी हुई जो कि उन्हें एक बेहतर कल की ओर ले जाएगा। इसी कड़ी में वन मंडलाधिकारी कटघोरा ने एनटीपीसी कोरबा के जेम लड़कियों से मिलीं तथा बातचीत किया । 1 जून 2023 को इस अवसर पर प्रेमलता यादव, वन मंडलाधिकारी कटघोरा ने आत्म-निर्भरता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे एक लड़की को शिक्षित करने से एक राष्ट्र शिक्षित होता है। उन्होंने छोटी लड़कियों को उनके सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अपनी वर्तमान सम्मानित स्थिति के लिए अपनी जीवन यात्रा भी सुनाई। जेम लड़कियों के शिक्षकों ने भी शिक्षा के महत्व को समझने के लिए लड़कियों को प्रोत्साहित किया और उनके भविष्य की शिक्षा और विकास में बड़ी सफलता की कामना की। इस पहल ने बालिकाओं को उनकी रचनात्मकता का पोषण करने, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को तेज करने और सीखने को जीवंत, आकर्षक और प्रभावशाली अनुभव बनाने के लिए प्रेरित किया है।




इस अनूठी रणनीतिक सीएसआर पहल के माध्यम से, एनटीपीसी का लक्ष्य हर लड़की को आवश्यक शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मरक्षा कार्यक्रमों से अवगत कराना है और बच्चों को अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक जगह भी बनाना है। इस कार्यक्रम में हिंदी और अंग्रेजी में बुनियादी संचार कौशल और गणित, स्वच्छता और पोषण, योग और खेल में प्रारंभिक शिक्षा को शामिल किया गया है ताकि उनके सामाजिक कौशल को विकसित किया जा सके। लिंग विविधता के मुद्दों और समूह गतिविधियों पर बातचीत भी किया जाता है जिससे वह सामाजिक मुद्दों पर अवगत बने ।इसी कड़ी में 18 मई 2023 को NTPC कोरबा ने उज्वल GEM लड़कियों के लिए MoEF&CC (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) के विशेषज्ञों के साथ एक बातचीत सत्र आयोजित किया।

सम्मानित क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समृद्ध और ज्ञानवर्धक बातचीत का संचालन किया गया- डॉ. सुरम्या दोलाराय वोरा, कार्यकारी निदेशक साइंस सिटी, डीएसटी, गुजरात सरकार, प्रोफेसर एन. नंदिनी, अध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग, बैंगलोर विश्वविद्यालय, डॉ. शिव शंकर राय, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग, IIT धनबाद, ISM और डॉ. विजय प्रकाश, CGM पर्यावरण इंजीनियरिंग, एनटीपीसी लिमिटेड मौजूद थे। सत्र के दौरान, संकाय ने पर्यावरण, वनीकरण, स्वच्छता, आत्म-विकास और सशक्तिकरण की स्थिरता पर जोर दिया। इसी सत्र में छोटी बालिकाओं को आत्मनिर्भर और शिक्षित होने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें गरिमा के साथ जीने और वृद्धि और विकास के पूर्ण अवसरों वाले वातावरण में विकास में समान भागीदार के रूप में योगदान करने के लिए सशक्त बनाया।

# 15 वर्षीय बालिका का किया जा रहा था विवाह,वक्त पर टीम ने रोकवाया विवाह

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 जून 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले की टीम अनवरत बाल विवाह रोकवाने में सकिय है। वर्तमान प्रकरण में चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर शिकायत प्राप्त हुआ कि सूरता रामानुजनगर में एक 15 वर्षीय बालिका का बाल विवाह गुप-चुप तरीके से किया जा रहा है। चाईल्ड लाईन समन्वयक ने इसकी सूचना एवं टीम गठन हेतु पत्र जिला बाल संरक्षण अधिकारी को दिया। उम्र के सत्यापन हेतु परियोजना अधिकारी को सूचना दी गई। पर्यवेक्षक द्वारा मौके पर जांच करने पर परिजन





सरपंच ग्राम पंचायत सिंघोरा, पोस्टपोंड़ी जिला अनूपपुर का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिये और लड़की का उम्र 18 से ऊपर है हम विवाह करेंगे ऐसा कह कर उन्हें वापसा कर दिये।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा उक्त शिकायतकर्ता से मांग कर जानकारी एकत्र किया गया। संयुक्त टीम बनाकर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची और वहां संचालित मदरसा के दाखिल खारीज पंजी मांगने पर बताया गया कि बालिका यहां नहीं पढ़ी है। दाखिल खारीज मांग कर परीक्षण करने पर पता चला कि बालिका मदरसा में सन् 2018 में पढ़ाई की है और अभी मात्र 15 वर्ष 09 माह उम्र हो रहा है मदरसे से जन्मतिथि संबंधि प्रमाण पत्र लेकर टीम के साथ जिला बाल संरक्षण अधिकारी घर पर पहुंचे वहां लड़की के दादा और गांव के सदर लडकी के उम्र को लेकर विवाद करने लगे और विवाह रोकने से मना किये।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ़**

Phone:- 07775-266048 E-Mail ID : ee-res.surajpur@gov.in

''निविदा आमंत्रण सूचना''

क्रमांक/...1143.../वलेलि./ग्रा.यां.से/2023-24 सूरजपुर दिनांक 06/06/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्य सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोष्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Electricfication Zonal tender for Surajpur Bhaiyathan, Odgi,Pratappur,Ramanujnagar & Premnagar Sub-Dn. including Janpad Panchayat area. | 3500000.00 | 20.06.2023 | 22.06.2023 17:30 पीएम |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी जानकारी दिनांक 06.06.2023 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट- https://eproc.cgstate.gov.in प्राप्त की जा सकती है।

जी.नं.-02134/1

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज,छ0ग0**

क्रमांक/180/ वि0विवाह अधि0/वाचक /2023 बलरामपुर दि.12/05/2023

फार्म- अ
सार्वजनिक सूचना
( नियम 6 देखिए)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष खीस्तोफर कुजूर आ0 इग्नासियुस कुजूर उम्र 38 वर्ष जाति उरांव निवासी सरईडीह थाना शंकरगढ़ तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर-रामानुजगंज,छ0ग0 के वधु पक्ष प्रियंका टोप्पो पुत्री पीटर टोप्पो जाति उरांव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम डोड़की थाना शंकरगढ़ तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर-रामानुजगंज,छत्तीसगढ़ के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशयित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वितीय अनुसूचित में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 12/06/2023 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

संलग्न- आशयित विवाह की सूचना।(सुनवाई दि.12/06/2023)

सील (एस.एस.पैकरा)
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर

CMYK

# वूमेंस जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में जापान की चुनौती के लिये तैयार भारत



**काकामिगाहारा,09 जून 2023।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शनिवार को जापान के खिलाफ महिला जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। उजबेकिस्तान, मलेशिया , चीनी ताइपै को हराने के बाद उसने कोरिया से ड्रॉ खेला। भारतीय टीम पूल ए में अपराजेय रहकर शीर्ष पर रही। शनिवार को जीत से टीम फाइनल में पहुंचने के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लेगी।

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को सीधे एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में प्रवेश मिलेगा जो चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जायेगा। भारतीय कप्तान प्रीति ने जीत का भरोसा जताते हुए कहा ,'' एशिया की शीर्ष टीमों में से एक होने के कारण हमारे लिये यहां अच्छा प्रदर्शन बहुत जरूरी है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी तक हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है और हम सेमीफाइनल में भी इस लय को कायम रखना चाहते हैं।

हमारा लक्ष्य जूनियर महिला विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना भी हे और हम इससे एक जीत ही दूर हैं। इसलिये हम सेमीफाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'' भारत ने पहले मैच में उजबेकिस्तान को 22 . 0 से हराया और फिर मलेशिया को 2 . 1 से मात दी। कोरिया के खिलाफ मैच 2 . 2 से ड्रॉ रहा जबकि चीनी ताइपै को 11 . 0 से हराया। जापान ने हांगकांग चीन को 23 .0 से और इंडोनेशिया को 21 . 0 से मात दी। चीन से एक गोल से हारने के बाद उसने कजाखस्तान को 8. 0 से हराया। मैच शनिवार को रात 9 . 30 पर शुरू होगा।



## भारत ने अर्जेंटीना को 3-0 से हराया

**इंधोवेन ,09 जून 2023।** तीसरे क्वार्टर में किये गए दो गोलों के दम पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को 3 . 0 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में जीत की राह पर वापसी की। पिछले मैच में एक गोल की बढत बनाने के बाद भारत को नीदरलैंड के हाथों 1 . 4 से पराजय झेलनी पड़ी थी लेकिन इस मैच में भारत ने शानदार वापसी की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 33वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल किया।

इसके छह मिनट बाद अमित रोहिदास ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। अभिषेक ने 59वें मिनट में तीसरा गोल दागा जो फील्ड गोल था। इस जीत के बाद भारत 14 मैचों में 27 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि ब्रिटेन के 12 मैचों में 26 अंक हैं। भारत को अब अगले मैच में शनिवार को फिर नीदरलैंड से खेलना है।

## भारत सरकार ने सैफ कप में पाकिस्तान फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी दी : एआईएफएफ

**नई दिल्ली,09 जून 2023।** भारत सरकार ने बेंगलुरू में 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप में पाकिस्तानी फुटबॉल टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा कि भारत ने आठ देशों के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी के लिये अपना काम पूरा कर दिया है और अब पाकिस्तान को उसकी तरफ से औपचारिकतायें पूरी करनी है।

प्रभाकरन ने कहा ,'' गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान की भागीदारी को मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने कहा ,'' हमने अपना काम कर दिया है। हम उनका स्वागत



करते हैं। सभी प्रतिभागी देशों को वीजा मंजूरी मिल गई है। अब उन्हें अपनी ओर से वीजा की औपचारिकतायें पूरी करनी है।''

भारत और पाकिस्तान एक ही समूह में है और एक दूसरे से 21 जून को खेलेंगे। दोनों पांच साल में पहली बार एक दूसरे से खेलेंगे। आखिरी बार उनका सामना 2018 सैफ चैम्पियनशिप सेमीफाइनल मे हुआ था जब भारत 3 . 1 से विजयी रहा था। लेबनान, कुवैत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव भी इसमें भाग ले रहे हैं।

## खिताब जीतने के लिये भारत को खेलना होगा बेखौफ क्रिकेट

**लंदन ,09 जून 2023।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि मौजूदा टीम ने वह निर्भीकता नहीं दिखाई जो आईसीसी खिताब जीतने के लिये चाहिये होती है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में चार तेज गेंदबाजों को लेकर उतरने का फैसला सही नही था। पिछले दस साल में एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी भारतीय टीम की स्थिति आस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में खराब है। यहां कमेंटेटर की भूमिका में आये हरभजन ने भारतीय खिलाड़ियों को नतीजे की चिंता किये बिना खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा ,'' कौशल में कोई कमी नहीं है। जितने बड़े मैच खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा।



मुझे लगता है कि ऐसे मैचों में खुलकर खेलने की जरूरत है। हम अधिक रक्षात्मक हो रहे हैं। हमें नतीजे की परवाह किये बिना खुलकर खेलना होगा।'' उन्होंने कहा ,'' खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी डाल दें और वह जरूर अपना काम पूरा करेंगे। उन पर दबाव डाला जाये कि अच्छा नहीं खेलने पर कुछ बाहर हो जायेंगे और कुछ नहीं (उनका आत्मविश्वास कम हो जायेगा)।'' हरभजन ने कहा ,'' उन्हें आत्मविश्वास देने की जरूरत है कि भले ही अच्छा नहीं खेल सको लेकिन अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो। इसी तरह से कप जीते जाते हैं। बेखौफ खेलो।'' दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को बाहर रहना पड़ा क्योंकि भारत चार तेज गेंदबाजों और एक स्पिनर को लेकर उतरा है।



## श्रीलंका ने सीडब्ल्यूसी क्वॉलीफायर टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो ,09 जून 2023।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे में आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें एक आश्चर्यजनक नाम सूची में शामिल है। अक्सर %जूनियर मलिंगा% के रूप में लेबल किए जाने वाले - मथीशा पथिराना हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में ब्रेकआउट सितारों में से एक थे, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को पूरी प्रतियोगिता में 19 विकेट लेकर खिताब जीतने में मदद की।

उनके हाल के प्रदर्शन के आलोक में, 20 वर्षीय तेज गेंदबाज को अफगानिस्तान के खिलाफ इस महीने अपना एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) पदार्पण करने के बाद यात्रा दल में शामिल किया गया है।

अपने डेब्यू मैच में एक ही विकेट लिया और 66 रन दिए।

दिग्गज लसिथ मलिंगा के साथ पथिराना की तुलना का मुख्य कारण दोनों खिलाड़ियों की गेंदबाजी की शैली में समानता है। अब, वह श्रीलंकाई टीम का हिस्सा होंगे, जो टूर्नामेंट के दो क्वालीफिकेशन स्थानों में से एक स्थान हासिल करने के लिए प्रबल दावेदारों में से एक है।

पथिराना एकमात्र नया चेहरा नहीं है जो श्रीलंका की टीम में है, 29 वर्षीय दुशान हेमंथा को भी अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेलने के बाद चुना गया है। दो नए चेहरों के टीम में जगह बनाने के बाद अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के लिए जगह नहीं बची थी।

सीडब्ल्यूसी क्वालीफायर 18 जून से शुरू होगा, जिसमें दस टीमें इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बचे अंतिम दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम~ दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान और विकेटकीपर), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, चरिथ असालंका, धनंजय डी सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), वानिंदु हसरंगा, चमक करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, कसुन राजिता, लाहिरू कुमारा, महेश थीक्षणा, मतीशा पथिराना, दुशान हेमंथा।

## जीत हासिल करने के लिए भारतीय टीम का दारोमदार इस खिलाड़ी पर

**नई दिल्ली,09 जून 2023।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन का विशाल स्कोर बनाया हैं जिसके सामने भारतीय टीम टिक नहीं सकी है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 5 विकेट पर 151 रन बनाए है। अब भारतीय टीम तीसरे दिन अपना खेल शुरू करेगी। भारतीय टीम अपनी पहली ही पारी में पूरी तरह से लड़खड़ा गई।

तीसरे दिन का खेल शुरू होने पर टीम दबाव से बचने के लिए खेल खेलेगी। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया की टीम 318 रनों से आगे हो गई है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम की पकड़ बेहद मजबूत हो गई है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा खड़े किए गए विशाल स्कोर के आगे वर्तमान में भारतीय टीम की ओर से अजिंक्य रहाणे (29) और केएस भरत (5) पारी को संभालने में जुटे हुए है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए पूरी जिम्मेदारी अजिंक्य रहाणे के कंधों पर आ गई है। शुरुआती दोनों दिनों में जहां कंगारू टीम हावी रही है। वहीं अब भारतीय टीम को जीत की ओर ले



जाने की जिम्मेदारी अजिंक्य रहाणे पर आ गई है। रहाणे ने इससे पहले रविंद्र जडेजा के साथ पारी को मजबूती दी। दोनों के बीच पांचवे विकेट के लिए 71 रनों की पार्टनरशिप हुई। मगर ये पार्टनरशिप नाथन लियोन ने तोड़ी जब जड़ेजा स्टीव स्मिथ के हाथों स्लीप पर कैट आउट हो गए।

**केएस भरत और अजिंक्य को**

### खेलनी होगी बड़ी पारी

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे दिन अब भारतीय टीम को अपनी पारी को संभालना बेहद जरुरी होगा। दूसरे दिन के बाद अब तीसरे दिन पूरा दारोमदार भारतीय टीम के लिए अजिंक्य रहाणे के कंधो पर होगा। उन्हें केएस भरत के साथ मिलकर भारतीय टीम की डूबती नैया को पार लगाना होगा। गौरतलब है कि पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने धुआंदार बैटिंग करते हुए 469 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए करियर का 31वां शतक जड़ा था। वहीं ट्रेविस हेड ने भी 163 रनों की पारी खेली थी।

## जॉली जॉली एलएलबी 3 में होगा अक्षय और अरशद का आमना-सामना

अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 2 साल 2017 में रिलीज़ हुई थी. यह फिल्म जॉली एलएलबी का सीक्वल थी जिसे 2013 में रिलीज किया गया था और इसमें अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और अम्रिता राव लीड रोल में थे. दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का



जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. साथ ही, आज हम जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. बता दें कि, जॉली एलएलबी 2 के छह साल बाद अरशद वारसी ने फिल्म के तीसरे पार्ट की पुष्टि की है.आपको बता दें कि, हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, अरशद वारसी ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार जल्द ही जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली के किरदार में सीक्वल के लिए वापसी करेंगे. इस पार्ट में दूसरे पार्ट के हीरो खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी ज्वाइन करेंगे. एक्टर ने यह भी पुष्टि की कि मुन्ना भाई 3 के बारे में अभी कोई प्लान नहीं है. अभिनेता ने कहा मुन्ना भाई 3 नहीं हो रहा है; संजय और मैं चाहते हैं कि ऐसा हो, राजू (हिरानी) इसे बनाना चाहते हैं और विधु (विनोद चोपड़ा) इसे प्रोड्यूस करना चाहते हैं. लेकिन अभी के लिए, ऐसा नहीं हो रहा है. अक्षय के साथ जॉली एलएलबी 3 हो रही है. धमाल के लेखक ने मुझे फोन किया और कहा कि वह अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं. गोलमाल 5 के बारे में मेरा मानना है कि एक दिन रोहित शेट्टी हमें गोवा में फिल्म की शूटिंग के लिए बुलाएंगे. वह ऐसा कर सकते हैं.यही नहीं, अगस्त 2022 में एंटरटेनमेंट पोर्टल पिंकविला के करीबी एक सूत्र ने भी दावा किया, सुभाष कपूर, अक्षय कुमार और अरशद वारसी कुछ समय से जॉली एलएलबी 3 का विचार कर रहे हैं. सुभाष ने एक ऐसा विषय सुलझा लिया है जो दो जॉली के बीच आमने-सामने की मांग करता है. यह कानून की अदालत में बहस के लिए एक बहुत ही दिलचस्प विषय होने वाला है.

## पतली सी डोरी पर टिकी श्वेता तिवारी की हद से ज्यादा डीपनेक ड्रेस,42 की उम्र में बोल्डनेस की हदें की पार

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी फिटनेस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी लुक फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर लुक फैंस के बीच सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पोल्का डॉट थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सेक्सी दिखाई दे रही हैं। श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज में परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। ओपन हेयर, मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को और भी अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस का इन तस्वीरों में हॉट अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। और वो उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं। श्वेता तिवारी अपनी इन फोटोज में चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है।









## भारतीय रीमेक सिटाडेल के लिए वरुण धवन,सिकंदर खेर ले रहे एक्शन की ट्रेनिंग

एक्टर वरुण धवन और सिकंदर खेर सिटाडेल के अपकमिंग भारतीय रीमेक के लिए एक्शन ट्रेनिंग पर जोर दे रहे हैं।

वरुण और सिकंदर ने सीक्वेंस को करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एक्टर फिलहाल एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक~ सीरीज में हाई-इंटेंस एक्शन होने वाला है और यह एक स्पाई सीरीज होने के नाते इसमें मूवमेंट और फाइट सीक्वेंस में एक खास तेजी होनी चाहिए, जिसके लिए अभी ट्रेनिंग चल रही है। सीरीज के लिए जुलाई तक शूट जारी रहेगा।

सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। द फैमिली मैन के निर्माता राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल उसी नाम की बड़ी इंटरनेशनल सीरीज का इंडियन काउंटरपार्ट है, जिसे ओरिजनल से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है।

सीरीज के ग्लोबल वर्जन में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन हैं।

केन्द्रीय मंत्री और पूर्व सीएम पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पलटवार

# 'खा खा' कहना प्रदेश की जनता का अपमान

» बघेल और प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा बालोद जिले के दल्लीराजहरा के दौरे पर

» केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर सीएम बघेल का पलटवार,कहा- ट्विटर पर देखने से कुछ नहीं दिखेगा, भ्रष्टाचार के अंतरराष्ट्रीय पितामह जमीन पर जाकर देखें, तो दिखेगा

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवार किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, हमारी हर योजना में पारदर्शिता है। सीधा सारा पैसा हितग्राही के खाते में जाता है। कमीशनखोरी तो इनकी सरकार में थी। वह हमारी नहीं अपनी बात कर रहे हैं। इनके समय में मोबाइल बांटने, राशन कार्ड बनाने, चप्पल खरीदने सब में कमीशनखोरी होती थी। सीएम ने कहा कि, ट्विटर पर देखने से कुछ नहीं दिखेगा, भ्रष्टाचार के अंतरराष्ट्रीय पितामह जमीन पर जाकर देखें, तो दिखेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बालोद के दल्ली राजहरा पहुंचे थे।



**खा-खा कहना छत्तीसगढ़ वासियों का अपमान**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के कका की जगह खा-खा मुख्यमंत्री कहने को लेकर भी सीएम बघेल ने निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, उन्होंने यह संबोधन शब्द खुद नहीं रखा है। साहित्यकार, कवि और पूरी छत्तीसगढ़ की जनता मुझे प्रेम से कका कहकर बुलाती है। यहां बच्चे, युवा हर कोई मुझे कका कहता है। अब तो बड़े बुजुर्ग भी कका कहने लगे हैं। ये छत्तीसगढ़ वासियों का प्रेम है। भाजपा को कका शब्द को तकलीफ है और केंद्रीय मंत्री इस तरह से बयान दे रहे हैं। इसका मतलब यह है कि वे पूरे छत्तीसगढ़ वासियों का अपमान कर रहे हैं। गिरिराज सिंह कका शब्द का मतलब नहीं जानते हैं।

**ये लोग दो तरह की बातें करते हैं,एक कुछ बोलता है,दूसरा कुछ**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, गिरिराज सिंह आरोप लगा रहे हैं। इनके समय में तो सब में कमीशनखोरी होती थी। गौठान योजना को देखने के लिए गुजरात, मध्य प्रदेश की टीम आई। लोकसभा की चार टीमें आई। सब देखकर गए, तारीफ कर रहे हैं। गिरिराज सिंह कहते हैं कि नरवा वाले काम में भ्रष्टाचार हुआ है। अभी तीन दिन हुआ देश भर के पीसीसीएफ की कार्यशाला हुई। केंद्र सरकार के एडिशन सेक्रेटरी आए। वो भी तारीफ करके गए। कहा कि, जितना बढ़िया काम छत्तीसगढ़ में हुआ कहीं नहीं हुआ। ये लोग कहते हैं गड़बड़ है। यह लोग दो तरह की बातें करते हैं। एक कुछ बोलेगा दूसरा कुछ। केवल चुनाव के लिए है ये।

**किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि एमएसपी केवल एक छलावा है। यूपीए के समय में निरंतर एमएसपी वृद्धि हुई है। 10 सालों में 130 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई। जबकि भाजपा सरकार में 61 फीसदी वृद्धि हुई है, जो कि आधे से भी कम है। केंद्र की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन अब तो कृषि की लागत दोगुनी हो गई। इसके चलते किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कोदो-कुदकी का भी समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया है, केवल रागी का किया है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने कोदो-कुदकी का भी समर्थन मूल्य घोषित किया है।



## छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को रोजगार करने के लिए मिलेगा लोन

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** जिले में 16 जून को लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 11 बजे शासकीय आई.टी.आई सड्डू में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर रायपुर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपने विभाग के स्वरोजगार मूलक योज की जानकारी एवं आवेदन पत्र के साथ मेले में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के न्युनतम 12वीं कक्षा उर्तीण एवं रोजगार कार्यालय में पिछले 2 वर्षो से पंजीकृत युवाओं को अन्य शर्ते पूर्ण करने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस समय जिले के 48 सौ युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इसमें 12वीं कक्षा उर्तीर्ण युवा के साथ आई.टी.आई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक स्तर के युवा शामिल है।

## सीएम बघेल के बयान पर अमित जोगी का ट्वीट

» बोले अजित जोगी ने कांग्रेस को अ-ब-स सिखाया

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिलासपुर संभाग के संभागीय सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में सीएम भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी पर दिए बयान से वॉर-पलटवार का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बयान पर दिवंगत अजीत जोगी के बेटे और जेसीसीजे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने ट्वीट करते हुए सीमे भूपेश बघेल पर निशाना साधा है।



उन्होंने कहा, आदरणीय भूपेश बघेल जी, बिलासपुर आकर स्वर्गीय 'जोगी जी' के विषय में जो अपमानजनक बातें आप ने कही उसका जवाब देने जोगी जी तो हमारे बीच हैं नहीं, लेकिन एक बात साफ हो गया है कि आप सोते जागते अभी भी 'जोगी जी' को ही याद करते हैं, खास तौर पर बिलासपुर आकर। इससे बिलासपुर क्षेत्र में जोगी जी के प्रभाव का भी पता चलता है। अमित ने कहा कि जानकारी के लिए बता दूं कि दो दशक पहले कांग्रेस आलाकमान के शीर्ष नेतृत्व को राजनीति का अ-ब और स सहित क्या बोलना है ये सिखाने वाले अजीत जोगी ही हैं।

आगे अमित जोगी ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात, समय का कोई स्थाई पता नहीं होता, इसलिए अहंकार को सत्कार में बदलिए और दिवंगत व्यक्तियों का आदर करना सीखिए। इसी अहंकार ने कांग्रेस को देश में 400 से 40 सीटों में लाकर पटक दिया। छत्तीसगढ़ में भी 70 से 7 में आने में देर नही लगेगी।

**आखिर क्या था सीएम का बयान**

बुधवार को कांग्रेस के संभागीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं दिवंगत.जोगी को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि वो जब तक कांग्रेस में थे, तब तक सरकार नहीं बनी। उनके पार्टी छोड़ते ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई। हर जगह फलों की दुकान, चाय ठेलों और पान की दुकानों में लोग कहते थे कि जब तक जोगी को नहीं हटाएंगे, तब तक कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। उनके जाने के बाद ही कांग्रेस की जीत हुई। फिर बाद में उपचुनाव भी जीते।

## बिलासपुर संभाग के हारे हुए 11 सीटें जीतने रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे:मोहन मरकाम

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में सभी राजनीतिक पार्टियां आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने टिकट को लेकर कहा कि सर्वे के बाद हाईकमान नाम तय करता है. सर्वे के टॉप 3 नामों पर हम विचार करते हैं. बाकी हमारे साथी उन्हें जीतने में लग जाएं।



मरकाम ने कहा, बिलासपुर संभाग के 11 सीटें पिछले चुनाव में हम हारे थे. उन्हें कैसे जीतना है, इस रणनीति के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं. अभिभावक की भूमिका होती है, जो भी संगठन और पार्टी हित में है वह निर्णय लेते हैं।

बीजेपी के पुरखौती सम्मान यात्रा पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, 15 साल तक बीजेपी ने आदिवासियों की उपेक्षा की थी. आदिवासी गौरव की उपेक्षा की थी और जननायकों के गौरव की उपेक्षा की थी. बीजेपी निश्चित हार देखकर पुरखौती सम्मान यात्रा निकालने का प्रयास कर रही है.

मरकाम ने कहा, प्रदेश सरकार ने आदिवासियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है. 15 साल जिनको मौका मिला वह कुछ नहीं कर पाए. केवल उनके नाम पर वोट बटोरने का काम करते हैं. यह यात्रा निकालने से कुछ नहीं होगा।

## भोलेश्वरी की मौत हादसा या हत्या ?

» जांच के लिए अड़े समाज के लोग,

**मोवा थाने का किया घेराव**

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र के पाम बेलाजियो सोसायटी में युवती 8वें मंजिल से नीचे गिर गई। युवती भोलेश्वरी बघेल की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि पाम बेलाजियो सोसायटी में युवती रोजाना काम करने आती थी। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे के आसपास युवती सोसायटी के 8वें मंजिल गिर गई। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय लोग और युवती के स्वजन मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। स्वजनों ने आशंका जताई है कि लड़की को धक्का देकर नीचे गिराया गया है। वहीं आज पाल बघेल समस्त गाड़ा समाज एवं सुराज जनकल्याण सोसायटी के द्वारा मोवा थाना का घेराव किया गया है। किशोर महानंद,ओमेश जीभेकर, प्रकाश साहू एवं शिव जालम दुबे के नेतृत्व में भोलेश्वरी की मौत पर नाराज हो कर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मोवा थाने का घेराव किया। हाथो में तकती लेकर मोवा पुलिस के कार्रवाई में संदेह जताया है।

इस मामले पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मनोज ध्रुव ने बताया कि सभी तथ्यों की जाँच चल रही है परिजनों की मांग को देखते हुए साईबर की टीम भी घटनास्थल पर भेजी गई है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया अभी इस मामले में कोई मुआवजा नहीं दिया गया है।



**क्या है पूरा मामला**

मंगलवार 6 जून को पाम बेलाजियो के आठवीं मंजिल से गिरकर भोलेश्वरी बघेल उर्फ भोली (24) की संदिग्ध तरीके से मौत हो गई थी। वहीं बीते दिन गुरुवार 8 जून को इस मामले में अब क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। विशेष टीम का गठन किया किया गया है। कारोबारी सिद्धार्थ व उनके परिवार के सदस्यों के अलावा उनके घर में काम करने वाले पूर्व कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। सबसे अलग-अलग पूछताछ की जाएगी। गुरुवार को एक टीम पूछताछ करने पहुंची। वहीं पीएम रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। इधर घटना की फोरेंसिक रिपोर्ट जल्द मांगी गई है।

**वारदात स्थल को देख कर गहराया शक**

बता दें कि जहां से गिरकर युवती मौत हुई है, उस बालकनी की बाउंड्री वाल चार फीट ऊंची है। कूदने के लिए दीवार पर चढ़ने टेबल या सीढ़ी घटनास्थल से नहीं मिली है। इसी वजह से भी शक गहरा गया है। वहीं प्रारंभिक जांच में पुलिस को ऐसा कोई क्लू भी नहीं मिला है, जिससे साबित हो कि युवती को धक्का दिया गया है।

## इंटरनेशनल ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ी अमित सिंह का नाम हुआ दर्ज



**भिलाई,09 जून 2023(ए)।** हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर निवासी विजय सिंह के पुत्र अमित सिंह ने इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया अमित सिंह ने पिछले साल बनाएं 30 सेकंड में 46 पुशअप्स का स्वयं का रिकॉर्ड तोड़ कर नया रिकॉर्ड 30 सेकंड में 52 पुशअप्समारकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया अमित सिंह की यह उपलब्धि से उनका पूरा परिवार से लेकर पूरा प्रदेश में खुशी की लहर है यह रिकॉर्ड हासिल करने वाले अमित पहले भारतीय बने अमित सिंह एक ऐसे होनहार खिलाड़ी हैं इनके नाम के आगे कई रिकॉर्ड दर्ज है ।

इससे पहले अमित सिंह ने 1 मिनट में सबसे ज्यादा 84 पुशअप्स मरने का रिकॉर्ड पिछले साल इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया था आर्म्रेसलिंग में गोल्ड मेडलिस्ट साथ ही साथ मोस्ट पुशअप्स इन वन टाइम ग्वालियर में आयोजित होने वाले मैच में 183 पुशअप्स मारकर अमित ने ये सारी उपलब्धियां बिना किसी सहयोग के बिना किसी विशेष ट्रेनिंग के खुद के प्रयास से हासिल की है अमित ने कहा कि अगर शासन सहयोग करेगी तो ओलंपिक में भी मेडल लाकर छत्तीसगढ़ का मान सम्मान बढ़ाएंगे। ओलंपिक मेडल लाना है सपना = अमित ने बताया वो बिना किसी के सहयोग से इस मुकाम तक पहुंचे है । लेकिन अमित आगे ओलंपिक में भी खेलकर मेडल लाकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं । जिसके लिए शासन से मदद की अपील की है ।

पुशअप्स करना एक एक्सरसाइज होती है, जिसमें शरीर की सभी मांसपेशियां मजबूत बनती है । पुशअप्स करने से शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बनता है, साथ ही बॉडी टोन भी होती है, लेकिन पुशअप्स करना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है । बताएं आपको कि हर व्यक्ति इसे आसानी से नहीं कर सकता है । साथ ही पुशअप्स एक्सरसाइज के सभी लाभ लेने के लिए इसे सही तरीके से करना भी बेहद जरूरी होता है । पुशअप्स को कई तरीकों से किया जा सकता है, अगर आप बिगीनर हैं, तो इसे सिंपल तरीके से कर सकते हैं ।

## भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप कम होने नाम नहीं ले रहा है। दोपहर में तेज धुप और दिनभर चलने वाले गर्म हवाओं ने सभी को परेशान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश में गर्मी का प्रकोप ज्यादा होगा। साथ ही लू चलने की संभावना है। कई जिलों में तापमान 42 डिग्री से ज्यादा रहने का अनुमान जताया है और लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है। वहीं मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में अंधड के साथ हल्की बारीश होने की भी संभावना जताई है।

## यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या के मामले में खुलासा

» लड़की के थे दो बॉयफ्रेंड, एक ने कर दी दूसरे की हत्या

**बिलासपुर,09 जून 2023(ए)।** लव ट्राइंगल में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र यश साहू की हत्या हुई थी। प्रेमिका के दूसरे आशिक ने पहले तो यश साहू को कोचिंग से बुलाया और फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसकी बेदर्दी से पिटाई कर दी। पिटाई की वजह से यूवक की जान चली गयी। दरअसल 6 जून को बिलासपुर के सिरगिट्टी के गुंबर चौक के पास एक छात्र की लाश मिली थी। युवक की पहचान यश साहू के रूप में हुई, अंबिकापुर के लखनपुर के एक कारोबारी का बेटा था। यश साहू बिलासपुर में क्लस्ट की कोचिंग किया करता था।

पुलिस ने जांच की शुरुआत कोचिंग सेंटर और आसपास के इलाकों से शुरू की। मंगला चौक स्थित कोंचिग इस्टीट्यूट के सी.सी.टी.वी. कैमरा तथा शहर के लगभग 200 अलग-अलग स्थानो में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरो की जांच के बाद यश साहू के साथ हुई वारदात का सुराग पुलिस को लगा। वहीं युवक के बारे में भी पुलिस ने जानकारी जुटायी। पुलिस को जानकारी मिली की, मृतक का चकरभाठा क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंध था। इस युवती का चकरभाठा के ही एक अन्य युवक राहुल नामदेव के साथ भी प्रेम संबंध था।





**पहले भी दे चुका है चेतावनी**

युवती राहुल और यश दोनों के साथ रिलेशन में थी। लेकिन ये जानकारी ना तो राहुल को थी और ना ही यश को। अपनी प्रेमिका के बारे में जानने के लिए आरोपी राहुल नामदेव अधिकतर अपनी प्रेमिका के कोचिंग संस्था के आसपास देखने भी जाता था। उसी दौरान राहुल को ये पता चला कि आरोपी की प्रेमिका का यश साहू के साथ भी चक्कर चल रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर आरोपी राहुल ने पूर्व में भी यश साहू को अपने प्रेमिका से दूर रहने की चेतावनी दे चुका था।

6 जून को आरोपी राहुल नामदेव फिर से कोचिंग संस्था पहुंचा, जहां यश साहू व अपनी प्रेमिका को एक साथ देखकर आग बबूला हो गया। पहले तो राहुल ने अपनी प्रेमिका के साथ विवाद किया उसके बाद यश साहू को सबक सिखाने और मारने के लिये प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक आरोपी राहूल नामदेव ने यश साहू को कोचिंग संस्था से बुलाया और अपनी स्कूटी में बैठाकर मारपीट करते हुये चकरभाठा ले गया और चकरभाठा नयापारा के एक बंद पडे ढाबे में ले गया।

## कबीरधाम जिले को मिली 140.50 करोड़ रूपए की सौगात

**मुख्यमंत्री ने किया बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण**

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान कवर्धा के न्यू हाईटेक बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग एक अरब 40 करोड़ 50 लाख रूपए के विभिन्न विकास मूलक कार्यों की सौगात दी। इन सौगातों में 24 अलग-अलग विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। जिसमें 45 करोड़ 92 लाख 41 हजार रूपए की लागत के 6 कार्य का लोकार्पण और 94 करोड़ 56 लाख 80 हजार रूपए लागत के 18 कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, राज्य क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, राज्य योग आयोग सदस्य श्री गणेश योगी, श्री नीलकंठ चन्द्रवशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा होरी साहू, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवा राम साहू, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, राज्य मनरेगा सदस्य श्री कलीम खान सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधी शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे विशेष रूप से उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें 27 करोड़ 77 लाख 73 हजार रूपए की लागत से जल आवर्धन योजना, 9 करोड़ 69 लाख 56 हजार रूपए की लागत से हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य, 53 लाख 76 हजार रूपए की लागत से पौनी पसारी योजना 02 नग (लघु बाजार निर्माण), 1 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से कवर्धा में अग्निशमन केन्द्र कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, 4 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से विकासखंड बोड़ला के ग्राम झलमला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, और 1 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत से पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास चिल्फी भवन निर्माण कार्य शामिल है।



## अपार्टमेंट के पांचवे माले के फ्लैट में लगी भीषण आग

**दमकल की टीम आग बुझाने में जुटी**

**रायपुर,09 जून 2023(ए)।** राजधानी रायपुर में स्थित अवंती विहार क्षेत्र के एक अपार्टमेंट के पांचवे माले में शुक्रवार को भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची, फिर आग बुझाने में जुट गई। मामला खामहरडीह थाना क्षेत्र के विजय नगर चौक स्थित विरासत अपार्टमेंट का है। बताया जा रहा है कि, अवंती विहार विजय स्थित विरासत अपार्टमेंट के पांचवे माले के एक फ्लैट में भीषण आग लगी है। मौके पर मौजूद दमकल की टीम आग बुझाने के प्रयास में जुटी हुई है। फिलहाल, आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)